दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...








● नई दिल्ली। गुरुवार 09 जनवरी-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 21 पेज-12 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3


# कवि नगर में स्टील कारोबारी के घर डकैती

## बुजुर्ग दंपति को गन पॉइंट पर लेकर डेढ़ करोड़ का माल लूटा

### - पॉश इलाके कवि नगर में हुई वारदात

### - पुलिस की कई टीमें लुटेरों और नौकर की तलाश में जुटी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले कवि नगर थानाक्षेत्र में रहने वाले एक स्टील कारोबारी की कोठी को बदमाशों ने निशाना बनाते हुए हैं डकैती की वारदात को अंजाम दिया है। मंगलवार की रात हथियारों से लैस बदमाशों ने बुजुर्ग संपत्ति को गन पॉइंट पर लिया और घर में रखे कैश, डायमंड के जेवरों और अन्य कीमती सामान को लेकर मौके से फरार हो गए। इस वारदात में घरेलू नौकर और गार्ड की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। तो पुलिस ने डकैती की धारों में मुकदमा दर्ज करते हुए लुटेरो व फरार नौकर की तलाश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि बदमाशों की संख्या दो से अधिक भी हो सकती है। इस मामले में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की कई टीमें आरोपियों की गिरफ्तारी की तलाश में दिल्ली- एनसीआर और दो टीमें बिहार व नेपाल से जुड़े इलाकों में दबिश देने का काम कर रही हैं।


फरार नौकर चंदन

सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि कारोबारी के घर में हुई करोड़ों की डकैती के मामले को लेकर लखनऊ से लेकर गाजियाबाद में पुलिस अधिकारियों के फोन घुमाए गए हैं। तो इस मामले ने पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि पुलिस के शीर्ष अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर खुलासा किया जाएगा।




पीड़ित आरडी गुप्ता और उनका घर

### बिहार और नेपाल तक पहुंची पुलिस की टीमें

करंट क्राइम : कवि नगर थानाक्षेत्र में स्टील कारोबारी के घर हुई डकैती की सनसनीखेज वारदात के बाद लखनऊ से भी कुछ शीर्ष अधिकारियों के फोन आने की जानकारी मिली है। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों द्वारा एक टीम बिहार और नेपाल के लिए भी भेजे जाने की जानकारी मिल रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस चंदन को जल्द से जल्द गिरफ्तार करना चाहती है ताकि इस पूरी वारदात की कड़ी से कड़ी जोड़ी जा सके और इस डकैती की वारदात का सही खुलासा हो सके।

### कमरें में घुसे बदमाश और बोले निकालो कैश और माल

करंट क्राइम : कवि नगर में रहने वाले स्टील कारोबारी आरडी गुप्ता और उनके पुत्र गौरव गुप्ता परिवार के साथ रहते हैं। बताया जा रहा है कि गौरव गुप्ता किसी काम से बाहर गए हुए थे। मंगलवार की रात करीब 8 :20 के आसपास उनके मुख्य गेट से दो बदमाश एंट्री लेते हैं और उसके बाद सीधे आरडी गुप्ता के कमरे में पहुंचकर उनको गन पॉइंट पर लेते हुए बदमाश कहते हैं कि घर में रखा कैश निकालो और माल कहां हैं, वह लुटेरे हैं। इसके बाद बदमाशों ने बुजुर्ग दंपति को गन पॉइंट पर ले लिया और चुन्नी से उनके हाथ और मुंह बांध दिए। बताया जा रहा है कि करीब 15 से 20 मिनट तक बदमाशों ने कोठी में लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। पीड़ित व पुलिस ने कहा है कि इस घटना के बाद से गुप्ता परिवार में काम करने वाला नौकर चंदन भी फरार है।



### पीड़ित बोले बदमाश कर रहे थे नौकर चंदन से फोन पर बात

करंट क्राइम : पीड़ित कारोबारी आरडी गुप्ता का कहना है कि जो बदमाश घर में वारदात को अंजाम देने आए थे, दोनों नई उम्र के थे और वह फोन पर चंदन से बात कर रहे थे। चंदन उनको जैसे बताता था, वह उसी तरफ आगे बढ़ते थे और फिर तलाशी के साथ ही घर से पैसे लेकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि गुप्ता दंपति नए नोटों की गड्ड़ी जमा करने का शौक रखते थे और बदमाशों द्वारा लूटी गई नए नोटों की रकम भी 15 से 20 लाख रुपए के बीच बताई जा रही है।

### पुलिस कमिश्नरेट में अब तक की सबसे बड़ी वारदात

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नेट गाजियाबाद के अंतर्गत बीते सवा दो सालों के दौरान यह डकैती की सबसे सनसनीखेज और बड़ी वारदात बताई जा रही है। अभी तक पीड़ित परिवार और पुलिस से जो जानकारी मिली है इसमें लगभग 50 लाख रुपए के आसपास कैश और एक करोड़ से अधिक की सोने और डायमंड की ज्वेलरी बदमाशों द्वारा लेकर फरार होने की बात सामने आ रही है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में अन्य कीमती सामान और कैश भी हो सकता है। वैसे प्रथम दृष्टया पुलिस इस पूरे मामले में नौकर चंदन की भूमिका और गेट पर तैनात रहने वाले गार्ड की भूमिका की जांच कर रही है। चंदन का नाम पुलिस ने एफआईआर में भी दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है की डकैती के मामले में कुल 5 से 6 आरोपियों पर मुकदमा लिखा गया है। जिसमें ज्ञात और अज्ञात दोनों शामिल हैं। पुलिस के सूत्रों को कहना है कि इस मामले में डकैती की वारदात करोड़ों के बीच में है।

### नहीं हुआ था नौकर चंदन का पुलिस वेरिफिकेशन, दो साल से कर रहा था काम

करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि गुप्ता परिवार में चंदन बीते दो साल से घरेलू सहायक की नौकरी कर रहा था। वह मूलरूप से बिहार का रहने वाला है और अपने काम को लेकर चंदन वफादार था। मालिकों की बात सुनता था और मालिक भी उसे पसंद किया करते थे। बताया जा रहा है कि चंदन का पुलिस वेरिफिकेशन भी नहीं हुआ था और वह बीते दो सालों से गुप्ता परिवार में नौकरी कर रहा था।

### नौकर चंदन ने गार्ड से कहा था मत बंद करना गेट, मेरे जानकार आएंगे



करंट क्राइम : कवि नगर थानाक्षेत्र में हुई डकैती की इस वारदात को लेकर पुलिस के शीर्ष अधिकारी लगातार खुलासे के प्रयास के लिए अधीनस्थों को निर्देश देने का काम कर रहे हैं। तो पुलिस की कई टीमें आरोपियों की तलाश में छापेमारी भी कर रही हैं। पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि मंगलवार को जब डकैती की वारदात हुई, उससे कुछ देर पहले ही नौकर चंदन ने गेट पर मौजूद गार्ड को कहा था कि वह मुख्य गेट पर ताला ना डालें, उसके कुछ जानकार मिलने आने वाले है। पुलिस ने बताया है कि अमूमन कोठी के गेट पर रात के वक्त लॉक लग जाता था लेकिन चंदन के मना करने पर ही गेट लॉ नहीं किए गए थे।

### पीड़ित बोले नहीं किया विरोध वरना जान ले लेते लुटेरे

करंट क्राइम : डकैती की इस वारदात में सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि बदमाशों द्वारा पीड़ित दंपति पर किसी प्रकार का हमला एवं उनको नुकसान नहीं पहुंचाया गया है। पीड़ित ने पुलिस को जानकारी दी है कि जो बदमाश घर में प्रवेश कर वारदात को अंजाम देने आए थे, उनके पास चाकू और हथियार था। उन्होंने सबसे पहले आरडी गुप्ता को गन पॉइंट पर लिया था और फिर उनकी पत्नी के हाथ में मुंह चुन्नी से बांध दिए थे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बदमाशों ने पहले एक कमरे में कैश और जेवर निकाले फिर वह दूसरे कमरे में गए और वहां से माल पर हाथ साफ किया।



### सीसीटीवी, सर्विलांस और मुखबिरों पर काम कर रही है पुलिस टीमें



करंट क्राइम : कवि नगर थानाक्षेत्र में हुई करोड़ों की डकैती के खुलासे के लिए पुलिस की टीमों को कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। पुलिस का सबसे पहले फोकस है कि घटना में संदिग्ध नजर आ रहे घरेलू सहायक चंदन को ट्रैक कर गिरफ्तार किया जाए। फिर उन बदमाशों के बारे में जानकारी हासिल की जाए। इस मामले में पुलिस ने कई इलाकों के सीसीटीवी फुटेज उठाने के साथ ही सर्विलांस और अपने मुखबिरी तंत्र के जरिए बदमाशों का सुराग लगाने का प्रयास शुरु कर दिया है।

### पुलिस की चेकिंग और सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

करंट क्राइम : कवि नगर थानाक्षेत्र में हुई डकैती की वारदात के बाद पीड़ित द्वारा वारदात होने के करीब 15 मिनट बाद फोन किया गया था, जिसके बाद लोकल पुलिस और स्थानीय अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे। साथ ही बुधवार को पुलिस के डीसीपी स्तर के अधिकारी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए, इस पूरे मामले के खुलासे और आरोपियों तक पहुंचाने के निर्देश टीमों को दे दिए हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के लिए इस घटना का जल्द से जल्द खुलासा किसी चुनौती से कम नहीं बताया जा रहा है। साथ ही डकैती की इस वारदात ने पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में पुलिसिंग, चेकिंग और सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाने का काम किया है।

पीड़ित परिवार की शिकायत के अनुसार मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फरार नौकर चंदन और आरोपियों की तलाश के लिए टीम कई स्थानों पर दबिश दें रही हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

**अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी कवि नगर**



# किसके सिर पर बंधेगा भाजपा महानगर अध्यक्ष वाला ताज

## भाजपा कार्यालय पर होगा महानगर अध्यक्ष के लिए नामांकन आज



भाजपा महानगर अध्यक्ष के दावेदारों से भरी ये बस आज दोपहर 12 बजे महानगर कार्यालय पहुंचेगी। बस पूरी तरह से फुल है। अधिकतर यात्री, जिसमें महिलाएं भी शामिल हैं, वो बस के अन्दर सवार हैं।

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा में महानगर अध्यक्ष पद को लेकर अब काउंट डाउन फाइनल दौर में आ गया है। नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई और दावेदार भी हाफ सेंचुरी को पार कर रहे हैं। दावेदारों में वैश्य फैक्टर के नाम चल रहे हैं, ओबीसी फैक्टर के नाम चल रहे हैं, महिला फैक्टर पर नाम चल रहा है और ठाकुर फैक्टर से भी चर्चा चल रही है। दावेदारी का ऊंट किस करवट बैठेगा ये तय होना है और महानगर अध्यक्ष के लिये कौन सा फैक्टर काम करेगा, इस पर आज मुहर लगेगी। फिलहाल वैश्य, ओबीसी, ब्राह्मण, महिला, ठाकुर और पंजाबी समाज से दावेदारों के नाम चल रहे हैं। महानगर अध्यक्ष वाला नामांकन आज होना है।

### मानसिंह गोस्वामी-पप्पू पहलवान या फिर लाइनपार से आएगा नाम

महानगर अध्यक्ष पद के लिये ओबीसी फैक्टर को भी मजबूत माना जा रहा है। हालांकि एक लॉबी ये भी कह रही है कि अगर जिला अध्यक्ष ओबीसी आएगा तो फिर यहां नाम ओबीसी नहीं आएगा, लेकिन जो नाम प्रमुखता से माने जा रहे हैं उनमें भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी का नाम है। उनमें भाजपा के मौजूदा महामंत्री पप्पू पहलवान का नाम है, लेकिन यहां पर एक चर्चा लाइनपार को लेकर है। लाइनपार को प्रतिनिधित्व देने की बात भी चल रही है। यहां से नगर निगम के पूर्व कार्यकारिणी उपाध्यक्ष, पूर्व पार्षद सुनील यादव को भी ओबीसी कार्ड में मौका मिल सकता है। इसके अलावा यहां सुरेंद्र नागर के नाम पर भी चर्चा हो सकती है।

### गोपाल अग्रवाल-पवन गोयल- मयंक गोयल का है प्रमुखता से नाम

वैश्य फैक्टर की बात करें तो यहां ये फैक्टर मजबूत माना जा रहा है और यहां पर वैश्य समाज से मौजूदा महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल, जीडीए बोर्ड सदस्य पवन गोयल और क्षेत्रीय पदाधिकारी मयंक गोयल का नाम चर्चा में चल रहा है। ये तीनों ही नाम सक्रिय भाजपाई नाम हैं। पार्टी के प्रति समर्पण है और महानगर अध्यक्ष पद की प्रबल दावेदारी में माने जा रहे हैं।

### ठाकुर फैक्टर पर चर्चा में है सोलंकी से लेकर चौहान का नाम

**करंट क्राइम।** ठाकुर समाज की दावेदारी की बात करें तो यहां पुराना प्रोफाइल सरदार सिंह भाटी का है। सरदार सिंह भाटी भाजपा के पुराने कार्यकर्ता हैं। पार्षद रहे हैं, निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष रहे हैं और एक्टिव मोड में पोलिटिक्स करते हैं। ठाकुर समाज का समीकरण बना तो इस नाम को मौका मिला सकता है। इसके अलावा पार्षद गौरव सोलंकी और चमन चौहान का नाम भी चल रहा है। इन दोनों नामों पर भी फोकस माना जा रहा है।

### ब्राह्मण कार्ड में आएगा किस चेहरे का अध्यक्षी के लिये नाम

ब्राह्मण दावेदारी हो रही है और यहां पर भाजपा के गुंजन शर्मा ने आवेदन लिया है। वो महानगर अध्यक्ष पद की दावेदारी में हैं। इसके अलावा पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा भी दावेदारी में माने जा रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता अश्विनी शर्मा भी महानगर अध्यक्ष पद की दौड़ में हैं। इसके अलावा ब्राह्मण समाज से जो नाम सामने आया है वो किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष पंकज भारद्वाज का है। वो लगातार दूसरी बार किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष हैं। अगर ब्राह्मण कार्ड अपना काम करता है और इस समाज से दावेदारी कंसिडर होती है तो इन चेहरों में से भी कोई लीडर हो सकता है।

### महिला दावेदारी में मिलेगा किस चेहरे को मौका

महिला दावेदारी भी महानगर अध्यक्ष वाली रेस में है। जहां भाजपा की महानगर उपाध्यक्ष रनिता सिंह महानगर अध्यक्ष का नामांकन पत्र ले चुकी हैं। भाजपा की मोनिका पंडिता भी दावेदारी में हैं और यहां उदिता त्यागी, पूर्व पार्षद मीना भंडारी और पूनम कौशिक के नाम भी दावेदारों में माने जा रहे हैं।

### क्या त्यागी फैक्टर में सरप्राइज एंट्री है प्रेम त्यागी का नाम

महानगर अध्यक्ष पद वाली दौड़ में कई नाम शामिल हैं। यहां त्यागी फैक्टर की बात करें तो महानगर महामंत्री राजेश त्यागी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी, कुलदीप त्यागी और राकेश त्यागी पायलट के नाम हैं, लेकिन बुधवार को इस गेम में भाजपा के पूर्व युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष प्रेम त्यागी की एंट्री हुई। उन्होंने अध्यक्ष पद की दावेदारी के लिये नामांकन पत्र खरीदा। प्रेम त्यागी को एक पावरफुल विधायक का बेहद करीबी माना जाता है और जब बुधवार को इस गेम में प्रेम त्यागी की एंट्री हुई तो इसे सरप्राइज एंट्री माना जा रहा है और जिन लोगों को विधायक जी की ताकत का अंदाजा है वो इस नाम को गेम में तुरुप का इक्का भी मान रहे हैं।


श्री आलोक शर्मा
को
लाजपत नगर
मंडल अध्यक्ष
घोषित करने पर
शीर्ष नेतृत्व का
हार्दिक आभार
सुनील शर्मा
विधायक, साहिबाबाद एवं
कैबिनेट मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार
हेमलता शर्मा
पूर्व पार्षद
आलोक शर्मा
लाजपत नगर, मंडल अध्यक्ष, भाजपा


श्री अशोक भाटी
को
शालीमार गार्डन
मंडल अध्यक्ष
घोषित करने पर शीर्ष नेतृत्व का
हार्दिक
आभार
सुनील शर्मा
विधायक, साहिबाबाद एवं
कैबिनेट मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार
अशोक भाटी
मंडल अध्यक्ष, शालीमार गार्डन, भाजपा


मुझ जैसे साधारण कार्यकर्ता
को भाजपा अर्थला
मोहन नगर मंडल का अध्यक्ष
बनाए जाने पर
शीर्ष नेतृत्व व
माननीय कैबिनेट मंत्री
श्री सुनील शर्मा जी
का
हार्दिक आभार
सुनील शर्मा
विधायक, साहिबाबाद एवं
कैबिनेट मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार
भूषण सिंह चौहान
मंडल अध्यक्ष, अर्थला मोहन नगर, भाजपा


श्री धर्मेंद्र कुमार
को
क्रॉसिंग मंडल अध्यक्ष
घोषित करने पर
शीर्ष नेतृत्व का
हार्दिक
आभार
धर्मेंद्र कुमार
मंडल अध्यक्ष, क्रॉसिंग, भाजपा

www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम

सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली। गुरुवार 09 जनवरी - 2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट




# महानगर के मंडल वाले अध्यक्षों के आ गए नाम

## कोई नाम हुआ रिपीट और कहीं पूरा मंडल ही हो गया चेंज


















**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर के मंडल अध्यक्षों वाली लिस्ट बुधवार की सुबह जारी हुई। महानगर में आने वाली विधानसभा मुरादनगर, साहिबाबाद और गाजियाबाद के मंडल अध्यक्षों के नाम जारी हुए। मुरादनगर विधानसभा में देहात मंडल से विपिन चौधरी का नाम मंडल अध्यक्ष के लिये फाइनल हुआ और जिला प्रतिनिधि मोहित त्यागी को बनाया गया। मुरादनगर शहर मंडल में राहुल गोयल को अध्यक्ष



बनाया गया है और ऊषा चौधरी को जिला प्रतिनिधि बनाया गया है।



राजनगर मंडल में नीरज त्यागी अध्यक्ष बने हैं और जिला प्रतिनिधि विनीत शर्मा बनाए गए हैं। कविनगर मंडल रिपीट हुआ है और यहां राहुल तोमर को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है तथा गौरव अरोड़ा को जिला प्रतिनिधि बनाया गया है।

बड़ा परिवर्तन साहिबाबाद क्षेत्र में हुआ है यहां दस के दस नाम विधायक सुनील शर्मा की पसंद के नाम बताए जाते हैं। यहां भोपुरा मंडल अध्यक्ष विपिन डागर को बनाया गया है और उदयवीर सिंह को जिला प्रतिनिधि बनाया गया है। शालीमार गार्डन का मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार भाटी को बनाया गया है और जिला प्रतिनिधि आशा पवार को बनाया गया है। लाजपतनगर में आलोक शर्मा मंडल अध्यक्ष बने हैं और माघव सूद जिला प्रतिनिधि बने हैं। बृजविहार मंडल अध्यक्ष नीरज रावल बने हैं और यहां सुधीर त्यागी को जिला प्रतिनिधि बनाया है। वसुंधरा मंडल में विनीत त्यागी मंडल अध्यक्ष बने हैं और सतेंद्र पाल सिंह जिला प्रतिनिधि बनाए गए हैं। इंदिरापुरम मंडल में पूर्व पार्षद मंजुला गुप्ता को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है और यहां मंडल अध्यक्ष रहे हरमीत बख्शी को जिला प्रतिनिधि बनाया गया है। मंजुला गुप्ता की ये बड़ी जीत मानी जा रही है।


उनपर संगठन ने भरोसा किया है और उन्हें मौका दिया है। वहीं खोड़ा-मकनपुर का अध्यक्ष पंकज वाल्मीकि को बनाया गया है। यहां संजीव कुमार गिरी जिला प्रतिनिधि बनाए गए हैं। खोड़ा मंडल अध्यक्ष जीतू राय बने हैं और अवधेश यादव जिला प्रतिनिधि बने हैं। अर्थला मोहननगर के मंडल अध्यक्ष भूषण सिंह चौहान बने हैं और नीरज वर्मा जिला प्रतिनिधि बने हैं। नंदग्राम मंडल के अध्यक्ष हेमंत त्यागी बने हैं और मोनू सूद को जिला प्रतिनिधि बनाया गया है। इसके अलावा शहर विधानसभा की बात करें तो यहां क्रॉसिंग मंडल के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार बनाए गए हैं और बलराम रावल को जिला प्रतिनिधि बनाया गया है। प्रताप विहार मंडल अध्यक्ष हेमराज माहौर बने हैं और सुधीर शर्मा को जिला प्रतिनिधि बनाया गया है। विजयनगर मंडल के अध्यक्ष पवन शर्मा बने हैं और लेखराज माहौर को जिला प्रतिनिधि बनाया गया है। शहर मंडल में माहिम गुप्त को मंडल अध्यक्ष बनाया गय है और रोहित चौहान को जिला प्रतिनिधि बनाया गया है। वहीं गांधीनगर मंडल में युवा चेहरे को मौका मिला है। यहां वरुण नागर को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है और राहुल चौधरी को जिला प्रतिनिधि बनाया गया है।

# आज इस तरह से खिलेगा भाजपा महानगर अध्यक्ष के नामांकन का कमल

## समीकरण भी साधे जाएंगे और जनप्रतिनिधियों की भी रहेगी दखल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा में मंडल अध्यक्ष वाली सूची हो गई। बुधवार की सुबह महानगर वाली लिस्ट जारी हो गई और इसी के साथ महानगर अध्यक्ष के लिये नामांकन वाला सीन शुरू हुआ। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने पहले ही बता दिया था कि नौ तारीख को नामांकन होगा। आज सुबह बारह बजे से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। महानगर अध्यक्ष पद के दावेदारी नामांकन पत्र लेंगे। ये आवेदन फिर प्रदेश संगठन के पास जाएंगे और वहीं से नाम फाइनल होगा। माना जा रहा है कि अध्यक्ष पद के लिये पार्टी जातीय संतुलन भी साधेगी, कर्मठता और सक्रियता भी एक पैमाना रहेगा। इसके साथ-साथ जनप्रतिनिधियों की भी पूरी दखल इस मामले में रहेगी। उनकी संस्तुति अहम होगी।

### विधायक आवास पर हुई मुलाकात में किस नाम पर बनी है सहमति!



**करंट क्राइम।** नामांकन से पहले मंडल की सूची आ गई। बुधवार का दिन भगवा गढ़ की सियासत में, खासतौर से महानगर अध्यक्ष पद के लिहाज से काफी सक्रिय दिन रहा। जहां दावेदारों ने नामांकन पत्र लिये वहीं सूत्र बताते हैं कि एक विधायक के आवास पर एक महत्वपूर्ण मीटिंग हुई। इस मीटिंग में नदिया पार वाली विधानसभा से लेकर लाइनपार वाली विधानसभा के विधायक एक साथ बैठे। लोकसभा सांसद आए और बताया जाता है कि यहां भाजपा के सुरेश खन्ना भी मौजूद थे। सियासत के चार चेहरे बैठे हैं और चारों चेहरे जनप्रतिनिधि हैं तो जाहिर है कि सिर्फ चाय पर चर्चा नहीं होगी, मौसम पर चर्चा नहीं होगी और ताजा माहौल संगठन ताजपोशी का है तो संगठन पर ही चर्चा होगी। सूत्र बताते हैं कि विधायक निवास पर हुई इस अहम मुलाकात में आम सहमति बनी है। हालांकि अभी फाइनल सहमति गुरुवार को नामांकन पत्र आने के बाद बनेगी। नॉमिनेशन हो जाने के बाद जनप्रतिनिधियों का टोला अपने नाम को फाइनल करेगा। सूत्र बताते हैं कि इस मामले में एक विधायक ने फोन पर सिद्धार्थनाथ सिंह से भी बात की है।

### जब आज खुलेगा भगवा दफ्तर, तब महिला दावेदारों के नामों का आएगा पैगाम




**करंट क्राइम।** बुधवार को जिन लोगों ने नामांकन पत्र लिये उनमें पूर्व पदाधिकारी रहे, मौजूदा पदाधिकारी रहे, लेकिन नामांकन पत्र लेने वालों में कोई मात्र शक्ति नाम नहीं आया। माना जा रहा है कि जब आज यानी गुरुवार को भाजपा महानगर कार्यालय खुलेगा और घड़ी सुईं दोपहर के बारह बजाएगी तो यहां कई महिला दावेदार भी नजर आएंगी। महिला दावेदारों में मोनिका पंडिता, रनिता सिंह के नाम हैं।

### गोपाल अग्रवाल पहले देंगे इस्तीफा, फिर करेंगे दावेदारी



**करंट क्राइम।** महानगर अध्यक्ष पद के लिये महामंत्री गोपाल अग्रवाल का नाम भी पहले दिन से मजबूती से चल रहा है। गोपाल अग्रवाल को चुनाव अधिकारी भी बनाया गया है। लिहाजा जब नामांकन होगा तो यहां गोपाल अग्रवाल पहले चुनाव अधिकारी वाले पद से इस्तीफा देंगे और फिर वो अपने नामांकन फार्म लेंगे।

### नाम वापसी का फार्म भी मिला है नामांकन पत्र के साथ

**करंट क्राइम।** महानगर अध्यक्ष के लिये जो फार्म आया है उसके फॉर्मेट पर फार्म (घ) लिखा गया है। इस पर यह भी लिखा है कि जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश परिषद चुनाव के लिये नामांकन पत्र है। इसमें प्रस्तावक के हस्ताक्षर होना जरूरी है। इसमें समर्थक का हस्ताक्षर होना जरूरी है और नामांकन पत्र प्राप्त होने की रसीद चुनाव अधिकारी हस्ताक्षर के साथ देंगे। सूत्र बताते हैं कि नामांकन पत्र के साथ नामांकन पत्र वापसी का फार्म भी दिया गया है।

### हाफ सेंचुरी लगाएगा महानगर अध्यक्ष की दावेदारी करने वालों के नामों का आंकड़ा

**करंट क्राइम।** महानगर अध्यक्ष पद के लिये सीन 50के पार जा सकता है। ये माना जा रहा है कि अध्यक्ष पद की दावेदारी के लिये नामांकन पत्रों की हाफ सेंजुरी लगेगी। जिन लोगों ने बुधवार को नामांकन पत्र लिये उनमें भाजपा के महानगर उपाध्यक्ष बोबी त्यागी, जीडीए बोर्ड सदस्य पवन गोयल, महानगर महामंत्री सुशील गौतम, केके शुक्ला, पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष पंकज भारद्वाज, महानगर महामंत्री राजेश त्यागी, प्रेम त्यागी, पूर्व महानगर महामंत्री राजीव अग्रवाल, भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अशोक संत, हरीमोहन झा, मनोज वोहरा, कुलदीप त्यागी, विनोद कसाना, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी, राकेश त्यागी पायलट, अश्विनी शर्मा, चंद्रप्रताप सिंह और कामेश्वर त्यागी शामिल हैं। इसके अलावा फोन पर जिन लोगों ने नामांकन के लिये अपना नाम दर्ज कराया उनमें संजय कुशवाहा, गुंजन शर्मा, संजीव त्यागी, शामिल हैं।

# ऐसे ही नहीं कहा जाता है सुनील शर्मा को भगवा सियासत का हैवीवेट

## दस के दस मंडलों में उनकी पसंद वाले नाम हुए अध्यक्ष के रूप में सेट

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा देश के विधायक नंबर वन हैं। उनके नाम देश में सबसे ज्यादा वोटों से चुनाव जीतने वाले विधायक का खिताब दर्ज है। वो सरकार में कैबिनेट मंत्री है और उन्हें भगवा गढ़ की सियासत का चाणक्य भी कहा जाता है। वो पॉलिटिक्स के हैवीवेट चैंपियन माने जाते हैं। जब कैबिनेट वालों की विधानसभा का मंडल वाला नतीजा आया तो ये साबित हो गया कि सुनील शर्मा को सियासत का हैवीवेट क्यों कहा जाता है। उन्होंने एक नहीं, दो नहीं, तीन नहीं बल्कि पूरे दस मंडलों में अपने करीबी माने जाने वाले लोगों की ताजपोशी कराई है। ये अकेली ऐसी विधानसभा है जहां दस के दस मंडल अध्यक्ष बदल गए।




हालांकि विधायक इस क्रेडिट से इनकार करेंगे, लेकिन विधानसभा का चप्पा-चप्पा जानता है कि यहां द ग्रेट हैवीवेट की पूरी दखल रही है। सूत्र बताते हैं कि इस पूरे गेम को हैवीवेट स्टाइल में हैंडल किया गया। यहां दस के दस मंडल अध्यक्ष का बदला जाना एक बड़ा संदेश है और ये संदेश भी है कि ये हमारी विधानसभा है और यहां बूथ से लेकर मंडल तक चेहरे और मोहरे हम तय करते हैं। सूत्र बताते हैं कि ये संदेश पहले ही दे दिया गया था कि पिक्चर अभी बाकी है। पूरे गेम को पलटने में एक बड़ी भूमिका निभाई गई है। यहां इस बात का मुलाहिजा भी तब हो गया जब मंडल अध्यक्षों की लिस्ट आई और नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष आशीर्वाद लेने के लिये विधायक निवास पर पहुंच गए।

दस के दस मंडल अध्यक्षों की खुशी का ढोल विधायक के दरवाजे पर बजा। मंडल अध्यक्षों ने विधायक सुनील शर्मा से आशीर्वाद लिया। सियासत के जानकार इसके सुनील शर्मा की एक बड़ी जीत बता रहे हैं। इसे भाजपा की राजनीति में संगठन स्तर पर सुनील शर्मा की मजबूत पकड़ का उदाहरण भी माना जा रहा है। उन्होंने बेहद खामोशी के साथ इस पूरे गेम को अपने पाले में किया और एहसास कराया कि हमारा कार्यकर्ता हमारे लिये खास है और अपने कार्यकर्ता के लिये हम सत्ता से लेकर संगठन तक अपना असर रखते हैं। वो अपने करीबी कार्यकताओं को मंडल अध्यक्ष का पद दिलाकर लाए हैं।

# मुरादनगर विधानसभा में मिली उसी को जीत जिसके साथ विधायक अजीत

## शहर विधानसभा के मंडलों में रहा है भगवा कमांडर का दखल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मुरादनगर विधानसभा की बात करें तो यहां चार मंडलों में वैश्य, त्यागी, ठाकुर और जाट फैक्टर पर काम हुआ है। यहां जिला प्रतिनिधि में पंजाबी, ब्राह्मण और त्यागी चेहरों को स्थान मिला है। कुल मिलाकर ये कहा जा रहा है कि शहर मंडल में होल्ड का सीन था, लेकिन यहां सीन ये रहा है कि विधायक अजीत आशीर्वाद ने कई चेहरों को जीत दिलाई है। कविनगर मंडल में राहुल तोमर के लिये फील्डिंग लगाई गई थी, लेकिन वो कामयाब नहीं हुई और वो रिपीट हुए हैं। राजनगर में नीरज त्यागी के नाम पर मुहर लगी है। यहां महामंत्री से अध्यक्ष बनने के लिये उपेंद्र शिशौदिया के नाम पर लगभग कन्फर्म मुहर थी,



लेकिन गेम पलटा है। इसके अलावा शहर मंडल में महिम गुप्ता अपनी सीट पाने में कामयाब रहे हैं। प्रताप विहार मंडल में पुराने कार्यकर्ता हेमराज माहौरप को मौका दिया गया है। इसी तरह युवा एंट्री की बात करें तो वरुण नागर को मंडल अध्यक्ष



बनाया गया है। वो गांधीनगर मंडल अध्यक्ष बनाए गए हैं। ऐसे में शहर मंडल में विधायक संजीव शर्मा की दखल मानी जा रही है और वहीं मुरादनगर शहर और राजनगर, कविनगर मंडल में अजीतपाल त्यागी का दमखम दिखाई दिया है।







## नवंबर में भारत का गोल्ड आयात 5 अरब डॉलर कम हुआ, व्यापार घाटे पर होगा असर

**नई दिल्ली।** सरकार ने नवंबर 2024 के लिए गोल्ड के आयात के अपने अनुमान को पिछले महीने घोषित 14.86 अरब डॉलर के प्रारंभिक अनुमान से घटाकर 9.84 अरब डॉलर कर दिया है। यह जानकारी वाणिज्य मंत्रालय के वाणिज्यिक इंटेलिजेंस और सांख्यिकी महानिदेशालय द्वारा संकलित आंकड़ों से बुधवार को मिली। वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि नवंबर के गोल्ड आयात के अनुमान में 5 अरब डॉलर की कटौती का मतलब है कि देश के व्यापारिक घाटे में समान कटौती है। इससे व्यापक स्तर पर देश की अर्थव्यवस्था को सपोर्ट मिलेगा और रुपया मजबूत होगा। नवंबर में गोल्ड के आयात को लेकर जारी किया गया संशोधित अनुमान वैल्यू के हिसाब से पिछले वर्ष जारी किए गए अनुमान से 34 प्रतिशत कम है। सूत्रों के अनुसार, पहले घोषित उच्च आंकड़ा कार्यप्रणाली में बदलाव के बाद संरक्षकों द्वारा गोदामों में रखे गए गोल्ड को आयात के अनुमान में दो बार गिनने की गलती के कारण आया था। संरक्षकों द्वारा मुक्त व्यापार क्षेत्र के गोदामों में रखे गए आयातित गोल्ड को उन घरेलू बैंकों द्वारा बताए गए आयात में जोड़ दिया गया जो संरक्षकों से गोल्ड खरीदते हैं और इसका नतीजा यह हुआ कि एक ही खेप की गिनती दो बार हो गई जिससे अनुमान अधिक हो गया।




## कमिश्नरेट के दो थानों में हुआ प्रदर्शन

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में बुधवार का दिन देहात और सिटी वाले जोन के लिए ज्यादा अच्छा नहीं रहा। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सूत्रों ने बताया है कि दो थानों में प्रदर्शन हुआ, एक देहात जोन का था, तो दूसरा सिटी जोन का था। देहात जोन वाला प्रदर्शन ज्यादा, जोरदार और आक्रामक बताया जा रहा है। तो उसका शोर और हलचल दूर तक सुनाई दिया है। वहीं सिटी में फ्लावर ओवर के निकट वाले थाने में कांग्रेस वालों ने अपनी नेता के लिए जो अपशब्द यूज किए गए थे, उसको लेकर अपना गुस्सा निकाला है। सिटी वाला प्रदर्शन थोड़ी देर में ही खत्म हो गया, तो देहात वाला लंबा चला बताया जा रहा है। दोनों ही प्रदर्शन में खास बात यह रही कि थाने वाले स्टाफ ने ही मामले को मैनेज कर लिया और किसी प्रकार की अव्यवस्था होने से रोक ली गई। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में यह लंबे समय बाद देखने को मिला है, जब थाने पर प्रदर्शन और घेराव वाली स्थिति बनी हो। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से सिटी और देहात में प्रदर्शन हुए हैं उसको लेकर लोकल इंटेलीजेंस वाले भी इनपुट जुटाने में लग गए थे। साथ पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि दोनों ही मामलों में पुलिस ने बहुत ही शालीनता और समझदारी से दोनों पार्टियों को हैंडल किया और मामला क्लोज हो गया। इसी के साथ पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एसीपी स्तर की लिस्ट को लेकर कभी भी टविस्ट सुनाई दे सकता है। सूत्रों के द्वारा जानकारी दी जा रही है जिन एसीपी पर भरोसा जताया जा रहा था, उनको कार्यवाहक के रूप में इस्तेमाल किया जाना शुरू कर दिया गया है। पहले वह सिटी के दो सर्किल में अपनी भूमिका निभा चुके हैं, तो अब देहात में भी उनके वर्किंग को शुरू करने की जानकारी मिली है। पुलिस कमिश्नरेट वाले बता रहे हैं कि लखनऊ वाली लिस्ट का शोर अब कुंभ मेले तक के लिए थम गया है। तो आने वाले दिनों में सिटी और देहात के साथ ही नदिया पार को लेकर कुछ हलचल वाला दौर सुनाई देगा। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि अगर एक सप्ताह में बदलाव वाला मामला बना तो बना वरना फिर बाद ही मामला लोकल पोस्टिंग का शुरू होगा। कुल मिलाकर जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के दो थानाक्षेत्रों में थानों में प्रदर्शन तो हुआ पर मामला शांतिपूर्वक निपट गया, उससे दोनों जोन के साहब लोगों ने राहत वाली सांस ली है।



## चुटकुले

बॉस- क्या आपको ब्रिटिश भाषा आती है...
लड़का- हां
बॉस- कुछ बोल के दिखाओ
लड़का- डूगना लागान डेना पडेगा बुवन।
बॉस कोमा से कभी बाहर नहीं आए।

नेता जी, किसानों से मिलने गए
नेता- ये आपके पैर खेत में गंदे क्यों हो जाते हैं
किसान- साहब खेत में मिट्टी है न इसलिए
नेता- ओह! चिंता मत करो,
हमारी सरकार आई तो पूरे खेत में फर्श बनवा देंगे
किसान अभी तक बेहोश है।

डॉक्टर - आपका लड़का पागल कैसे हो गया?
पिता- वो पहले जनरल बोगी में सफर करता था।
डॉक्टर - तो?
पिता- लोग बोलते थे थोड़ा खिसको-थोड़ा खिसको, तभी खिसक गया।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी




श्री हेमंत त्यागी
को
नंदग्राम
मंडल अध्यक्ष
घोषित करने पर शीर्ष नेतृत्व का
हार्दिक
आभार
सुनील शर्मा
विधायक, साहिबाबाद एवं
कैबिनेट मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार
हेमंत त्यागी
मंडल अध्यक्ष, नंदग्राम, भाजपा



श्री जीतू राय
को
खोड़ा मंडल अध्यक्ष
घोषित करने पर
शीर्ष नेतृत्व का
सुनील शर्मा
विधायक, साहिबाबाद एवं
कैबिनेट मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार
हार्दिक आभार
योगेश भाटी
भाजपा नेता
जीतू राय
मंडल अध्यक्ष, खोड़ा, भाजपा


श्री हेमराज माहौर
को
प्रताप विहार मंडल अध्यक्ष
घोषित करने पर
शीर्ष नेतृत्व का
हार्दिक
आभार
हेमराज माहौर
मंडल अध्यक्ष, प्रताप विहार, भाजपा


श्री महिम गुप्ता
को
गाजियाबाद शहर मंडल अध्यक्ष
घोषित करने पर
शीर्ष नेतृत्व का
हार्दिक
आभार
महिम गुप्ता
मंडल अध्यक्ष, शहर गाजियाबाद, भाजपा


श्रीमती मंजुला गुप्ता
को
इंदिरापुरम मंडल अध्यक्ष
घोषित करने पर
शीर्ष नेतृत्व का
सुनील शर्मा
विधायक, साहिबाबाद एवं
कैबिनेट मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार
हार्दिक आभार
अजय गुप्ता
भाजपा नेता
मंजुला गुप्ता
मंडल अध्यक्ष, इंदिरापुरम, भाजपा


श्री नीरज रावल
को
बृजविहार मंडल अध्यक्ष
घोषित करने पर
शीर्ष नेतृत्व का
सुनील शर्मा
विधायक, साहिबाबाद एवं
कैबिनेट मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार
हार्दिक आभार
सुधीर त्यागी
जिला प्रतिनिधि
नीरज रावल
मंडल अध्यक्ष, बृजविहार, भाजपा


श्री नीरज त्यागी
को
राजनगर मंडल अध्यक्ष
घोषित करने पर
शीर्ष नेतृत्व का
हार्दिक
आभार
नीरज त्यागी
मंडल अध्यक्ष, राजनगर, भाजपा


श्री पंकज कुमार वाल्मीकि
को
खोड़ा मकनपुर
मंडल अध्यक्ष
घोषित करने पर
शीर्ष नेतृत्व का
सुनील शर्मा
विधायक, साहिबाबाद एवं
कैबिनेट मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार
हार्दिक
आभार
पंकज कुमार वाल्मीकि
मंडल अध्यक्ष, खोड़ा मकनपुर, भाजपा


श्री पवन शर्मा
को
विजय नगर मंडल अध्यक्ष
घोषित करने पर
शीर्ष नेतृत्व का
हार्दिक
आभार
पवन शर्मा
मंडल अध्यक्ष, विजय नगर, भाजपा


श्री राहुल तोमर
को
कविनगर मंडल अध्यक्ष
घोषित करने पर
शीर्ष नेतृत्व का
हार्दिक
आभार
राहुल तोमर
मंडल अध्यक्ष, कवि नगर, भाजपा


श्री वरुण नागर
को
गांधी नगर मंडल अध्यक्ष
राजकुमार नागर
पार्षद नगर निगम
घोषित करने पर शीर्ष नेतृत्व का
हार्दिक
आभार
वरुण नागर
मंडल अध्यक्ष, गांधी नगर, भाजपा


श्री विनित त्यागी
को
वसुंधरा मंडल अध्यक्ष
घोषित करने पर
शीर्ष नेतृत्व का
सुनील शर्मा
विधायक, साहिबाबाद एवं
कैबिनेट मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार
हार्दिक आभार
विनित त्यागी
मंडल अध्यक्ष, वसुंधरा, भाजपा

# जिलाधिकारी गाजियाबाद की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय की बैठक संपन्न

## कोई भी कार्य जज्बा, जोश और उत्साह के साथ करते हुए पूर्ण करना चाहिए: जिलाधिकारी

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत व असंवेदनशीलता बरतने वालों पर की जाएं कार्यवाही : इन्द्र विक्रम सिंह

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी गाजियाबाद की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय की बैठक का आयोजन दुर्गावति देवी सभागार, विकास भवन में किया गया जिसमें स्वास्थ्य विभाग से सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी एवं कार्यों में सुधार के आदेश दिए गए।

ओ.पी.डी. में विगत वर्ष के सापेक्ष 95350 की वृद्धि हुई एवं आई.पी.डी. विगत वर्ष के सापेक्ष 18431 वृद्धि हुई है साथ ही प्रति डॉक्टर प्रति दिवस ओपीडी की संख्या 62.7 है जो नवम्बर माह तक सिर्फ 52 ओपीडी प्रति चिकित्सक प्रतिदिन थी। आशाओं के द्वारा बनाये गए आभा आई.डी. का औसत प्रति आशा 824 है। ई-संजीवनी कार्यक्रम में प्रति सीएचओ प्रतिदिन किये जाने वाले टेली कंसल्टेशन का औसत राज्य स्तर से दिए गए लक्ष्य 5 के सापेक्ष 5.47 है। मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम में एएनसी पंजीकरण में अब तक 92461(139.14%) का पंजीकरण हुआ है जिसमें से 84.60 प्रतिशत महिलाओं का प्रथम तिमाही में पंजीकरण हुआ है एवं कुल पंजीकृत महिला में से 5572 गर्भवती महिला को उच्च जोखिम वाली गर्भवती की पहचान करते हुए विशेष ध्यान देते हुए इनका उपचार करते हुए इन्हें संस्थागत प्रसव हेतु प्रेरित किया गया।

इसी प्रकार 62549(87.07%) महिलाओं का राजकीय एवं निजी चिकित्सालयों में सुरक्षित संस्थागत प्रसव हुआ है जिसमें से राजकीय चिकित्सालय में 14289 प्रसव हुए है जिसमें से 13267 लाभार्थियों (92.8 %) को जेएसवाई प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया गया। उक्त समस्त राजकीय प्रसव के लाभर्थियों की ऑनलाइन प्रविष्टि मंत्रा एप्प में संपन्न कर दी गयी है। जनपद में अप्रैल से अब तक 23 मातृ मृत्यु की रिपोर्टिंग हुई है जिसमें से समस्त की समीक्षा विभाग द्वारा संपन्न कर ली गयी है। अप्रैल से अब तक 116 प्रतिशत बच्चों को एमआर-1 की खुराक से लाभान्वित किया गया है। महिला नसबंदी में अब तक कुल 2140 (96.5 %) संपन्न की गयी है। साथ ही वर्तमान में संचालित हो रहे टी.बी. अभियान की भौतिक एवं वितीय स्थिति की विशेष समीक्षा की गयी। उक्त समस्त बिन्दुओ की समीक्षा करते हुए अध्यक्ष महोदय के द्वारा विभिन्न राष्ट्रिय कार्यक्रमों में जन मानस की सहभागिता हेतु विभिन्न विभागों के साथ उचित समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए साथ ही लाभार्थीपरक राजकीय योजनाओं में लाभर्थियों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान ससमय करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एक बुकलेट "स्वास्थ्य संदेश" का विमोचन किया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया गया।





#### गांव-गांव घर-घर जाकर टीवी मुक्त अभियान चलाएं, हर घर-हर गांव व जनपद को टीवी मुक्त बनायें : जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह

**करंट क्राइम।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने इस मौके पर कहा कि गांव-गांव घर-घर जाकर टीवी मुक्त अभियान चलाते हुए हर घर—हर गांव व जनपद को टीवी मुक्त बनाया जाये। हमें कोई भी कार्य जज्बा, जोश और उत्साह के साथ करते हुए पूर्ण करना चाहिए। उन्होने मुख्य विकास अधिकारी डॉ.अखिलेश मोहन को निर्देशित किया कि उत्कर्ष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाएं व कार्य के प्रति असंवेदनशीलता बरतने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाएं।

# निर्धारित समयावधि में प्रारंभ करें इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का कार्य : नगर आयुक्त

## आईटीएमएस योजना को रफ्तार देने के लिए नगर आयुक्त ने बनाई कार्य योजना





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त लगातार शासन की योजनाओं को धरातल पर ला रहे हैं। इसी क्रम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को रफ्तार देने के लिए टीम के साथ बैठक की बैठक में निर्धारित समय अवधि तथा निर्धारित योजना के क्रम में कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। मौके पर मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, अधिशासी अभियंता निर्माण एसपी मिश्रा, एफकोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से प्रतिनिधि मंडल में प्रेसिडेंट मनीष सैनी, मोहित निरंजन व अन्य टीम उपस्थित रही। इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को प्रारंभ करने हेतु ट्रैफिक पुलिस बिजली विभाग जलकल विभाग तथा पीडब्ल्यूडी विभाग संयुक्त रूप से करेंगे सहयोग : नगर आयुक्त ने उपस्थित अधिकारियों व टीम को साप्ताहिक बैठक करने के निर्देश दिए ट्रैफिक पुलिस, बिजली विभाग, जलकल विभाग तथा पीडब्ल्यूडी विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य प्रारंभ करने में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया।

### अक्टूबर में शुरू होगा ई चालान, आईटीएमएस से ट्रैफिक मैनेजमेंट को मिलेगा लाभ

**करंट क्राइम।** बिना हेलमेट ड्राइविंग करने, ओवर स्पीड के ड्राइविंग, रेड लाइट तोड़ने, तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध ई चालान की कार्यवाही अक्टूबर माह से अमल में लाई जाएगी जिसके लिए कार्यवाही प्रारंभ हो चुकी है। फरवरी माह में सर्वे का कार्य पूर्ण करने, जून जुलाई में कंट्रोल रूम से सभी 41 कैमरा को इंटीग्रेटेड करने तथा अगस्त से सितंबर माह तक अन्य समस्त कार्यवाही पूर्ण करते हुए अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह में इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का कार्य पूर्ण किया जाएगा।

# एकलव्य के निशानेबाजों ने नैशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में किया गाजियाबाद का नाम रोशन

## पवन ने जीते 3 मेडल, 7 खिलाड़ियों ने इंडिया शूटिंग टीम ट्रायल के लिए किया क्वालीफाई

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एकलव्य शूटिंग एकेडमी भागीरथ पब्लिक स्कूल के होनहार निशानेबाजो ने 13 दिसंबर 2024 से 06 जनवरी 2025 तक दिल्ली स्थित डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज मे आयोजित हुई 67वीं नैशनल शूटिंग चैंपियनशिप में प्रतिभाग किया था।



एकलव्य शूटिंग एकेडमी भागीरथ पब्लिक स्कूल के होनहार निशानेबाज पवन यादव ने पॉइंट 32 बोर सेंटर फायर पिस्टल 25 मीटर आईएसएसएफ सीनियर पुरुष वर्ग में 567/600 स्कोर बनाकर जीत हासिल की है। इसके साथ ही पवन ने .22 बोर 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल आईएसएसएफ सीनियर पुरुष वर्ग में 554/600 का स्कोर बनाकर गोल्ड मेडल हासिल किया। पिस्टल आईएसएसएफ सीनियर पुरुष वर्ग में 554/600 का स्कोर बनाकर गोल्ड मेडल हासिल किया। .22 बोर 25 मीटर आईएसएसएफ सीनियर पुरुष वर्ग में 554/600 का स्कोर बनाकर मेडल हासिल किया। एकेडमी पहुंचने पर विजेता खिलाड़ियों का एकेडमी के साथी खिलाड़ियों ने जीत की खुशी में मिठाई खिलाकर और फूल मालाओं से स्वागत किया। इन सभी खिलाड़ियों ने निशानेबाजी कोच रहीस मलिक का आभार प्रकट किया। भागीरथ पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अनादि सुकुल और भागीरथ सेवा संस्थान के डायरेक्टर अमिताभ सुकुल ने विजेता खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

शूटिंग कोच रहीस मलिक के एक बार फिर जिला प्रशासन से निवाड़ी, मोदी नगर में स्थित जिला राइफल शूटिंग क्लब को चालू करने की मांग उठाई है। जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने इस मामले को अपने संज्ञान में लेते हुए जल्दी निर्माण कार्य शुरू कराए जाने का आश्वासन दिया है।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के कार्यालय पर नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों का ढोल बजाकर हुआ स्वागत









**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बुधवार को जैसे ही भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्षों की सूची आई। साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के कार्यालय पर दोपहर को पहुंचे। इस मौके पर मंडल अध्यक्षों ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का आशीर्वाद लिया और वही आभार भी व्यक्त किया। इस दौरान शालीमार गार्डन अध्यक्ष अशोक भाटी, भोपुरा मंडल अध्यक्ष विपिन डागर, लाजपत नगर मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा, अर्थला मोहन नगर मंडल अध्यक्ष भूषण सिंह चौहान, बृज विहार मंडल अध्यक्ष नीरज रावल, वसुंधरा मंडल अध्यक्ष विनीत त्यागी, इंदिरापुरम मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता, खोड़ा मकनपुर मंडल अध्यक्ष पंकज कुमार वाल्मीकि, खोड़ा मंडल अध्यक्ष जीतू राय ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का बुग्गे व पटुका पहनाकर और मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहाकि नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष पार्टी संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने सभी कार्यकताओं से मिलजुल कर एक साथ काम करने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि मंडल सेक्टर बूथ कमेटी की सक्रियता से ही भाजपा मजबूत पार्टी बनी है, इसमें कार्यकताओं को सम्मान मिलना चाहिए। इस दौरान सुधीर त्यागी कुलदीप कसाना योगेश भाटी आशीष चौधरी पुष्पेंद्र गुप्ता अजय गुप्ता अजय शुक्ला किशोर ठाकुर सोनू बंसल योगेश चौधरी माधव सूद वह कार्यालय प्रभारी हरिश्चंद्र शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# राजनगर मंडल के नए अध्यक्ष बने नीरज त्यागी, संगठन में रणनीतिक कौशल की जीत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर मंडल में पिछले एक महीने से चल रही अध्यक्षीय चयन प्रक्रिया गुरुवार को नतीजे पर पहुंच गई। संगठन की ओर से नीरज त्यागी को मंडल अध्यक्ष घोषित किया गया। यह निर्णय न केवल संगठन के मूल्यों और नीतियों को दर्शाता है, बल्कि चुनावी प्रक्रिया में शामिल सभी कार्यकर्ताओं के समर्पण और रणनीतिक कौशल की मिसाल भी है। इस दौरान कई नाम चर्चा में रहे, लेकिन नीरज त्यागी की कड़ी मेहनत और सही दिशा में मार्गदर्शन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया।

संगठन में कुशल रणनीतिकार के रूप में पहचाने जाने वाले वरिष्ठ नेता, संगठन शिल्पी तथा महानगर में लंबे समय से पदाधिकारी के रूप में सदैव सक्रिय रहकर कार्य करने वाले नेता ने इस प्रक्रिया में अपनी सूझबूझ और धैर्य से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 'मैं शिव हूं, और सबका विष पीकर भी संगठन की भलाई के लिए तत्पर हूं,' यह कथन उनके दृढ़ विश्वास और सेवा भावना को दर्शाता है। उनकी इसी दृष्टि और नेतृत्व ने न केवल राजनगर मंडल को एक नया अध्यक्ष दिया, बल्कि कार्यकर्ताओं के मनोबल को भी ऊंचा किया।

यह जीत संगठन के लिए एक नई दिशा और मजबूती का संकेत है। नीरज त्यागी को अध्यक्ष चुने जाने पर कार्यकताओं में उत्साह है, और यह निर्णय संगठन के उज्जवल भविष्य की ओर एक मजबूत कदम माना जा रहा है।

## चिन्टू जी

Sunil Sharma Mla is with Sunil Kumar Sharma.
28m ·

हाँ भई पता है थोड़ा सा जल गया है, लेकिन स्वादिष्ट है - राम राम मित्रों 😁




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हो गई है अब मंडल अध्यक्ष की घोषणा? अब आ गई है हमारी महानगर अध्यक्ष वाले मैटर पर नजर? हमने देखा मंत्री जी गये दो बार मुराद पूरी करने वाले विधायक जी के यहां? फिर उसके बाद विधायक जी गये गर्ग साहब के घर? सुना है घर पर कर रहे थे भगवा कमांडर भी वेट? यहां पर हो गया फिर सारा मामला अप-टू-डेट? जो नहीं बिठायेगा आने वाले समय में तीन विधानसभाओं पर पहरा? पता चला है अध्यक्ष बनेगा इस बार वो ही चेहरा?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आप हमारी बात पर ना जाने करोगे या नहीं करोगे विश्वास? मगर सुना है भगवा मैम्बरों ने ग्रुप बनाकर तैयार करना शुरू कर दिया है अविश्वास? सुना है इस ग्रुप पर मिटिंग और विकास को लेकर हो रही है बहुत ज्यादा बात? मगर बार-बार सबकी चचाओं में आता है अविश्वास? सुना है इस तरह की ज्यादा चर्चा वो ही मैम्बर कर रहे हैं जो कभी खुद को बताते थे किसी का बहुत ज्यादा खास?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं आपको बता रहा हूं आपको अटल बात? नदिया पार में अटल चौक पर लगेगी अब 6 लाख की लागत से तैयार होने वाली प्रतिमा साहब? सुना है मैम्बर ने इस प्रतिमा को लेकर की है किसी बड़े चेहरे से बात? अष्टधातु से होगा इस प्रतिमा का निर्माण? इस तरह की सामने आई है हमारे बात? कहने वाले ने कहा जब लगेगी प्रतिमा तब एक बात की, की जायेगी बहुत ज्यादा केयर? यहां पर प्रतिमा के पट पर किसी भी स्थानीय नाम का जिक्र नहीं होगा? सिर्फ उस पर नाम नजर आयेंगे उनके जिन्हें कहा जाता मंत्री और मेयर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अगर भगवा पहलवान नहीं हुए होते बीमार? शहर में नहीं मजबूत हुआ होता भगवा कमांडर का किरदार? तो जो आज रिजल्ट आया है वैसा रिजल्ट नहीं लेकर आता नदिया पार? हमने देखा दोनों दोस्तों का नहीं रहा पहले की तरह इस विधानसभा पर फोकस? इसलिए मजबूत हो गया दूसरे खेमे का कोकस? कहने वाले ने कहा इतना वन साईडेड रिजल्ट नहीं आता? अगर दोनों दोस्त रहे होते थोड़े से चौकस?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** किंग वाली सिटी में नहीं हुई राम की धुन पर नाचने वाले शिशौदिया जी की ताजपोशी? हम हैं इस बात पर बहुत ज्यादा हैरान? कहने वाले ने कहा यहां तो जो अध्यक्ष बने हैं उनसे बड़े जनप्रतिनिधि ने ठाकुर साहब के नाम पर नामांकन भी बैक करवा लिया था? फिर ना जाने क्या हुआ, बदल गया सारा प्लान? कहने वाले ने कहा गोविन्दपुरम, कविनगर और राजनगर में तीन ठाकुर चेहरों की दावेदारी की वजह से बदलना पड़ा गेम? इसलिए त्यागी चेहरे को मिला किंग सिटी पर फेम? सुना है जो मंडल होल्ड चल रह है उस पर मजबूत हो गया है ब्राह्मण चेहरे का क्लेम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भले ही भगवागढ़ की स्थानीय राजनीति में माही भैया का चेहरा ज्यादा एक्टिव ना देता हो दिखाई? मगर हमें पता है कि वो लखनऊ के लेवल तक लड़ते हैं मजबूत लड़ाई? पोएट वाली सिटी में उन्होंने तोमर भैया के पक्ष में पूरी मजबूती से खेला गेम? बड़े वाले चौधरी साहब के दरबार में मजबूत किया इस चेहरे का क्लेम? बना दिये फिर कुछ ऐसे हालात? होल्ड हो गई जिस वजह से गोविन्दपुरम की सीट? अध्यक्ष पद आ गया कविनगर वाला राहुल भैया के हाथ?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आज अगर कुल में दीप जलाने वाले त्यागी जी ने भरा पर्चा? तो फिर समझ लो बहुत आगे जायेगी उनके नाम की चर्चा? अगर पर्चा भरने के बाद नहीं लिया उन्होंने अपना नाम वापस? तो फिर समझ लो बाकी त्यागी दावेदारों के सामने खड़ी हो जायेगी आफत? हमें पता है कि कुल में दीप जलाने वाले भैया के पक्ष में बड़ी बड़ी जगह से आयेंगी सिफारिश? जिसे चाह कर भी स्थानीय वाले नहीं कर पायेंगे खारिज? अब देखना ये है कि त्यागी जी नामांकन की बूंदा-बांदी करते हैं या फिर पर्चा वापस ना लेकर लाते हैं मूसलाधार बारिश?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** उपाध्यक्ष वाले दावेदार भी बना रहे हैं आज महानगर अध्यक्ष बनने पर विचार? सुना है इन्होंने भी मुराद पूरी करने वालों से आशीर्वाद लेकर पर्चा भरने की भूमिका कर लीं है तैयार? कहने वाले ने कहा अब नामांकन के बाद पता नहीं इनका मामला कितना महानगर अध्यक्ष तक करेगा अप्रोच? मगर हम इतना जानते हैं इस दावेदारी के बहाने ये उपाध्यक्ष वाली कुर्सी तक आसानी से जायेंगे पहुंच? जो भी त्यागी जी पुराने चेहरे हैं उनका बनता है अध्यक्ष पद के लिए क्लेम? पार्टी के लिए वो लंबे समय से अपने हाथ में उठाये वाले मशाल वाली फ्लेम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** महानगर की दावेदारी को लेकर अंदरखाने सुलगाई जा रही है आग? कहने वाले कह रहे हैं कि जिनके घर में मैम्बरी भी है, सरकारी जिम्मेदारी भी है, संगठन वाली व्यवस्था भारी भी है? उन पर थोड़ा पार्टी रूक कर करे विचार? सुना है विरोध वाली लिस्ट में इस तरह के चार-पांच नाम हुए हैं तैयार? कहने वाले ने कहा किसी बंद कमरे में चल रही थी ये बात? जिसे आपके सवाल के माध्यम से हम लेकर आयें हैं बाहर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा त्यागी दावेदार ने दूसरे त्यागी दावेदार को किया फोन? फोन पर त्यागी दावेदार की बहुत ही मीठी थी टोन? इन्होंने सामने वाले से कहा 70% आपका मामला है मौजूद? 30% में हमारा भी है वजूद? हम चाहते हैं कि आप अपना 70% कर दो हमको ट्रांसफर? आपका सहयोग मिलेगा तो हम जीत जायेंगे फाईट? सुना है करारी मूंछो से मुक्त हुए त्यागी जी इस बात पर मुस्कुराये? कहा आदमी हम अच्छे हैं मगर बहुत ज्यादा नहीं है नाईस?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Ashu Kumar Verma
6h ·

पौते राजा 'अगस्तय' चले प्ले स्कूल
पहला दिन ।



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जब पौत्र ने शिक्षा के मंदिर में प्रथम कदम रखा तो दादा की खुशी अदभुत थी। पूर्व मेयर आशु वर्मा के सुपौत्र अगस्त्य ने पहले दिन प्ले स्कूल की तरफ अपने कदम बढ़ाए तो इस खुशी को पूर्व मेयर आशु वर्मा ने फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# कांग्रेस ने लॉन्च की जीवन रक्षा योजना

## दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनी तो हर दिल्लीवाले को 25 लाख का बीमा देंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान होने के बाद चुनावी पार्टियां मतदाताओं को लुभाने में लग गई हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने आज अपनी दूसरी गारंटी लॉन्च कर दी है। इस गारंटी के तहत हर दिल्लीवालों को 25 लाख का बीमा मिलेगा। कांग्रेस ने दिल्ली में प्यारी दीदी के बाद जीवन रक्षा योजना का एलान किया है।

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 'स्वास्थ्य बीमा योजना' की गारंटी देते हुए कहा कि अगर दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनी तो दिल्ली के हर नागरिक को 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा मिलेगा।




### 25 लाख रुपए तक का फ्री इलाज

जानकारी के मुताबिक, जीवन रक्षा योजना के तहत दिल्ली के सभी नागरिकों को 25 लाख का हेल्थ इंश्योरेंस मिलेगा यानी 25 लाख रुपए तक का फ्री इलाज होगा। इससे पहले कांग्रेस ने दिल्ली की महिलाओं के लिए 2500 रुपये हर माह देने का वादा किया था। 'आप' की 'महिला सम्मान' योजना के सामने कांग्रेस ने 'प्यारी दीदी' योजना की घोषणा की। कांग्रेस की इस योजना के तहत दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को हर माह 2500 रुपये दिए जाएंगे।

### 'आप' महिला सम्मान योजना के सामने कांग्रेस की प्यारी दीदी योजना

दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने सबसे पहले महिलाओं के लिए महिला सम्मान योजना के तहत 2100 रुपये देने का एलान किया था। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और 'आप' संयोजक अरविंद केजरीवाल के एलान के बाद कांग्रेस ने भी महिला वोटरों को लुभाने के लिए दांव खेला है। कांग्रेस ने 'प्यारी दीदी योजना' के तहत दिल्ली की महिलाओं को 2500 रुपये हर माह देने का वादा किया है।

प्यारी दीदी योजना के बारे में जानकारी देते हुए कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा, 'मुझे पूरा विश्वास है कि कांग्रेस दिल्ली में सरकार बनाएगी और हम महिलाओं को 2,500 रुपये देंगे और इसका फैसला कैबिनेट की पहली बैठक में ही किया जाएगा। यह उसी मॉडल पर है जो हमने कर्नाटक में लागू किया था।

दिल्ली में चुनावी घोषणा करते हुए कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री और कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कहा कि जैसे कर्नाटक में सरकार बनते ही महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने की योजना शुरू हुई, वैसे ही दिल्ली में भी सरकार बनने के बाद कैबिनेट की पहली बैठक में ही इस योजना को हरी झंडी दे दी जाएगी।

# 'जनता को प्रधानमंत्री का राजमहल दिखाएं', पीएम आवास देखने पर अड़े संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज

**नई दिल्ली।** अंतिम मतदाता सूची जारी होने के एक दिन बाद मंगलवार को चुनाव आयोग ने दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। अब सत्ता संग्राम की सियासी जंग शुरू हो गई है। दिल्ली में 70 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव आयोग ने कल चुनाव की तारीख की घोषणा की थी। दिल्ली में 5 फरवरी को एक चरण में चुनाव होगा और नतीजे 8 फरवरी को आएंगे। इस बीच दिल्ली में 'शीशमहल' मामले को लेकर सियासत गर्म है। जहां भाजपा इस मामले को लेकर भाजपा आम आदमी पार्टी को घेरने में लगी है वहीं आप नेता संजय सिंह ने भाजपा के नेताओं को खुली चुनौती दी।



**दिल्ली सीएम आवास में जाने से पुलिस ने आप नेताओं को रोका :** आप सांसद संजय सिंह ने 2700 करोड़ रुपये में बने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आलीशान राजमहल को भाजपा को दिखाने की चुनौती दी। संजय सिंह ने भाजपा से मांग की है कि वह पीएम का राजमहल दिखाएं। संजय सिंह ने कहा था कि वे आज मीडिया के साथ पहले मुख्यमंत्री आवास जाएंगे। उसके बाद प्रधानमंत्री का आवास देखने जाएंगे। आप नेता संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज दिल्ली सीएम आवास पहुंचे। सीएम आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई। आप नेताओं को सीएम आवास में जाने से पुलिस ने रोक दिया। दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज और आप सांसद संजय सिंह की मुख्यमंत्री आवास के बाहर तैनात पुलिसकर्मियों के साथ तीखी नोकझोंक हुई। मुख्यमंत्री आवास के बाहर पुलिस बैरिकेडिंग लगा दी गई है और भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया है। आप नेता संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज धरने पर बैठ गए।

**पीएम आवास में जाने से पुलिस ने रोका :** सीएम आवास में अंदर जाने से रोके जाने के बाद आप नेता संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज पीएम आवास के लिए निकले। रास्ते में पुलिस ने उन्हें रोक लिया। जिसके बाद पुलिस और आप नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली।

# मुखर्जी नगर में वकील ने खुद को लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारकर खुदकुशी की

## पत्नी के साथ लंबे समय से चल रहा था तलाक का केस

**नई दिल्ली।** मुखर्जी नगर थाना क्षेत्र में एक वकील ने खुद के लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

मुखर्जी नगर थाना पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान 45 वर्षीय समीर मेहंदीरता के रूप में हुई है। करीब 20 वर्ष पूर्व इनकी शादी हुई थी। परिवार में पत्नी, एक बेटी और एक बेटा है।

बताया जा रहा है कि पत्नी से इनका विवाद लंबे समय से चल रहा था। झगड़ा होने के कारण कुछ समय से मृतक की पत्नी अपने बेटे के साथ अलग रह रही थी। जबकि बेटी समीर के साथ रहती थी। बीते एक वर्ष से पत्नी के साथ तलाक का केस भी चल रहा था।



पुलिस अधिकारी के मुताबिक मंगलवार दोपहर में उन्हें घटना की जानकारी मिली। घटनास्थल पर पहुंचने पर पता चला कि घायल को पास के ही एक अस्पताल में ले जाया गया है। जहां इलाज के दौरान देर शाम उनकी मौत हो गई। फिलहाल इस पूरे मामले में पुलिस अधिकारी मृतक की पत्नी समेत उनके माता-पिता व बच्चों से पूछताछ कर जानकारी जुटा रही है। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# यूपी में जारी रहेगा ठंड का सितम, मौसम विभाग ने 'कोल्ड डे' और 'ऑरेंज अलर्ट' की चेतावनी जारी की

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कड़ाके की ठंड के बीच चल रही तेज रफ्तार पछुआ हवाओं ने गलन के एहसास को बढ़ा दिया है। बुधवार को भी प्रदेश के विभिन्न जिलों में 20 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से सर्द पछुआ हवाएं चलीं। कई जगहों पर घना कोहरा छाया रहा।

मौसम विभाग की ओर से बुधवार से लेकर बृहस्पतिवार के बीच प्रदेश के 50 से ज्यादा जिलों में कोल्ड डे का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 30 से ज्यादा जिलों के लिए घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट है। राजधानी लखनऊ में बृहस्पतिवार को दोपहर बाद हल्की धूप खिली लेकिन फिर सूरज बादलों के बीच छिप गया। दोपहर में गलन का अहसास कम रहा।




मौसम विभाग का कहना है कि गलन भरी ठंड और घने कोहरे का सिलसिला अगले तीन से चार दिनों तक ऐसे ही जारी रहने वाला है। प्रदेश में फिलहाल तीन से चार दिन ठिठुरन भरी ठंड और घने कोहरे का सितम यूं ही जारी रहेगा।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि प्रदेश में ठंड और मध्यम से घने कोहरे का दौर अगले दो तीन दिनों तक ऐसे ही जारी रहेगा। 11 और 12 जनवरी को प्रदेश के विभिन्न जगहों पर बूंदाबांदी के संकेत हैं।

**बृहस्पतिवार को घना से अत्यंत घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट :** आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फरुखाबाद, बाराबंकी, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर एवं आसपास इलाकों में अत्यंत घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है।

### शीत दिवस होने की संभावना

बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फरुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकर नगर, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, जालौन, हमीरपुर एवं आसपास इलाकों में शीत दिवस होने का अलर्ट जारी किया गया है।


## सेना भर्ती का सपना देख रहे युवाओं को बड़ा मौका

# लखनऊ में 10 से 19 जनवरी तक अग्निवीरों की भर्ती

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ में सेना में अग्निवीरों की भर्ती के लिए छावनी के एएमसी स्टेडियम में 10 से 19 जनवरी तक रैली होगी। इसमें 13 जिलों के करीब 10 हजार वे अभ्यर्थी शामिल होंगे। जो अप्रैल में हुए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) को पास कर चुके हैं। रैली अग्निवीर जीडी, तकनीकी, कार्यालय सहायक और ट्रेड्समैन के पदों पर भर्ती के लिए हो रही है। अग्निवीर भर्ती की यह प्रदेश में पांचवीं रैली होगी।

**पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी होगी भर्ती :** अभ्यर्थियों को अपने साथ प्रवेश पत्र के अलावा सभी दस्तावेजों की मूल व एक सेट फोटोकॉपी लाना जरूरी होगा। अभ्यर्थियों को एएमसी सेंटर एवं कॉलेज स्टेडियम में मध्य रात्रि दो बजे रिपोर्ट करना होगा। सेना ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे दलालों के चक्कर में न पड़ें।

**लखनऊ में भर्ती रैली का कार्यक्रम :** सेना में अग्निवीरों की भर्ती के लिए छावनी के एएमसी स्टेडियम में 10 से 19 जनवरी तक रैली होगी।




**10 जनवरी:** कानपुर नगर के तहत कानपुर, घाटमपुर, नरवल व बिल्हौर तहसील के अभ्यर्थियों की जनरल ड्यूटी की रैली।

**11 जनवरी:** फतेहपुर जिले के तहत बिंदकी, फतेहपुर, खागा तहसील। गोंडा जिले के तहत गोंडा, तरबगंज, मनकापुर और कर्नलगंज तहसील अभ्यर्थियों की अग्निवीर जनरल ड्यूटी की रैली।

**12 जनवरी:** कन्नौज जिले के तहत छिबरामऊ, कन्नौज, तिर्वा और हसेरन तहसील।

**13 जनवरी:** लखनऊ के मलिहाबाद, बीकेटी, लखनऊ, मोहनलालगंज और सरोजिनी नगर तहसील।

**14 जनवरी:** कानपुर देहात जिले के तहत रसूलाबाद, डेरापुर, अकबरपुर, सिकंदरा, मैथा और भोगनीपुर तहसील।

**15 जनवरी:** औरैया जिले के तहत बिधूना, औरैया, अजीतमल तहसील और बांदा जिले के तहत बांदा, बबेरू, अतर्रा, नरैनी और पैलानी तहसील के अभ्यर्थियों की अग्निवीर जनरल ड्यूटी की रैली।

**16 जनवरी:** बाराबंकी जिले के तहत तहसील फतेहपुर, रामनगर, नवाबगंज, सिरौली गौसपुर, रामसनेहीघाट और हैदरगढ़ और चित्रकूट जिले के तहत कर्वी, मऊ, मानिकपुर और राजापुर तहसील के अभ्यर्थियों की अग्निवीर जनरल ड्यूटी की रैली।

**17 जनवरी:** 13 जिलों के अभ्यर्थियों की अग्निवीर तकनीकी की रैली।

**18 जनवरी:** सभी 13 जिलों के अभ्यर्थियों की अग्निवीर कार्यालय सहायक की रैली।

**19 जनवरी:** सभी 13 जिलों के अभ्यर्थियों की अग्निवीर ट्रेड्समैन (कक्षा 8वीं और 10वीं उत्तीर्ण) की रैली।

# केरला एक्सप्रेस में मिला 500-500 के रुपयों से भरा बैग, पुलिसकर्मी गिनते-गिनते हांफ गए

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के कैंट रेलवे स्टेशन पर जीआरपी की स्कार्ट टीम उस समय हैरान रह गई, जब केरला एक्सप्रेस में उसे एक लावारिश बैग मिला। उस बैग को खोलकर देखा गया, तो टीम हैरान रह गई। ये बैग 500-500 के नोटों की गड्डियों से भरा हुआ था। टीम ने बोगी में मौजूद यात्रियों से इस बैग के बारे में पूछताछ भी की, लेकिन किसी ने नहीं बताया कि ये बैग किसका है और यहां कैसे आया।

आगरा कैंट जीआरपी की स्कार्ट टीम बुधवार को केरला एक्सप्रेस में चेकिंग कर रही थी। ट्रेन में एक बैग रखा हुआ था। पूछने पर बैग किसका है, इस संबंध में किसी ने नहीं बताया। जीआरपी की स्कार्ट टीम ने बैग को उतार लिया। आगरा कैंट स्टेशन पर जीआरपी थाने में बैग चेक किया गया। बैग 500 के नोटों की गड्डियों से भरा था।



आगरा कैंट जीआरपी की स्कार्ट टीम बुधवार को केरला एक्सप्रेस में चेकिंग कर रही थी। ट्रेन में एक बैग रखा हुआ था। पूछने पर बैग किसका है, इस संबंध में किसी ने नहीं बताया। जीआरपी की स्कार्ट टीम ने बैग को उतार लिया। आगरा कैंट स्टेशन पर जीआरपी थाने में बैग चेक किया गया। बैग 500 के नोटों की गड्डियों से भरा था।

जीआरपी ने इस बैग से नोटों की गड्डियों को निकाला और उसके बाद इन्हें गिनना शुरू किया गया। नोटों की गिनती करते-करते पुलिसकर्मी भी परेशान हो गए।

एक अनुमान के तहत करीब 25 से 30 लाख रुपये इस बैग में हैं। जीआरपी ने बताया कि जांच की जा रही है। ये बैग किसका है, इस बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। अभी तक इस बैग को लेकर किसी प्रकार की कोई सूचना भी नहीं मिली है।

# कंकरखेड़ा में पूर्व महिला प्रधान की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या, घर में घुसकर वारदात को दिया अंजाम

मेरठ। मेरठ में बुधवार को बदमाशों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। यहां कंकरखेड़ा क्षेत्र के रोहटा रोड पर भोला गांव की पूर्व प्रधान बुजुर्ग महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया गया कि घर में घुसकर महिला को गोली मारकर आरोपी फरार हो गए। घायल महिला को परिजन तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल पर पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। वहीं महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।





**बाइक पर सवार होकर फरार हुए बदमाश, सीसीटीवी में हुए कैद**

जानकारी के अनुसार रोहटा रोड स्थित नारायण गार्डन कॉलोनी में बुधवार को दिनदहाड़े घर में घुसकर नकाबपोश बाइक सवार दो बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार बदमाश रोहटा रोड की तरफ फरार हो गए। दोनों बदमाश मकान पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गए। सूचना पर एसपी सिटी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

### जबरन घर में घुसे बदमाश

जानी थाना क्षेत्र के भोला गांव निवासी सोहनवीरी (55) पत्नी यशपाल सिंह नारायण गार्डन कॉलोनी में 3 दिन पूर्व बेटी निशा पत्नी दीपक के घर पर आई थी। बुधवार को बच्चे व परिजन घर में मौजूद थे। इसी बीच एक बाइक सवार दो बदमाश मौके पर पहुंचे।

दोनों बदमाश जबरन घर में ऊपरी मंजिल पर घुस गए। जहां उन्होंने पूर्व प्रधान को गोली मार दी। घटना के बाद कमरे में चारों तरफ खून फैल गया। वहीं घर में मौजूद छोटे बच्चे दहशत में आ गए।

गंभीर अवस्था में परिजनों ने घायल महिला को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। एसएसपी डॉ. विपिन टाडा का कहना है कि तीन टीमों को जांच के लिए लगा दिया गया है। जल्द बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# 'संभल में जारी है अन्याय...', अखिलेश यादव बोले- सपा सरकार बनने पर असली दोषियों को दिलाएंगे सजा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि संभल में लोगों के साथ अभी भी बड़े पैमाने पर अन्याय हो रहा है। लोगों पर झूठे मुकदमे लगाए जा रहे है। जिलाधिकारी व पुलिस प्रशासन असांविधानिक काम कर रहे हैं। सपा की सरकार बनने पर संभल की घटना की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों को सजा दिलाएंगे।

नेता प्रतिपक्ष विधानसभा माता प्रसाद पांडेय ने मंगलवार को प्रदेश सपा मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में संभल से संबंधित अपनी रिपोर्ट को रखा। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने कहा कि जब देश में पूजास्थल अधिनियम लागू है। तब इतनी जल्दबाजी में शाही जामा मस्जिद के सर्वे की क्या जरूरत थी। भाजपा दरारवादी पार्टी है। उन्होंने कहा कि जब समाजवादी पार्टी के नेता पीड़ितों से जेल में मिलने गए तो वहां जेलर के खिलाफ जातीय भेदभाव करके कार्रवाई की गई।




**भाजपा सरकार में ट्रांसफर-पोस्टिंग के रेट तय :** अखिलेश यादव ने कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा के लखनऊ वाले दिल्ली पर और दिल्ली वाले लखनऊ पर आरोप लगवा रहे हैं। भ्रष्टाचार और उपचुनाव में हुई वोटों की लूट छिपाने के लिए सरकार संभल जैसी घटनाएं करा रही है। ट्रांसफर व पोस्टिंग से लेकर हर पद के रेट तय हैं। प्रधानमंत्री यूपी के 40 लाख करोड़ के निवेश अनुबंधों को भूल गए हैं। अब दूसरे प्रदेशों में निवेश की अपील कर रहे हैं।

**आशीष पटेल के मामले में बोले- कई विभागों में इससे भी बड़े घोटाले :** अखिलेश ने कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे में भ्रष्टाचार का गोरखधंधा चल रहा है। वर्ष 2024 में जिस 91 किलोमीटर सड़क की लागत छह हजार करोड़ रुपये थी, अब उसकी लागत सात हजार करोड़ से ज्यादा की हो गई है। प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल पर भ्रष्टाचार के आरोपों पर अखिलेश ने कहा कि कई अन्य विभागों में इससे भी बड़े घोटाले हो रहे हैं।

**सीएम भाजपा के सदस्य नहीं... :** उन्होंने कहा, प्रतिदिन 50 हजार गायें कटने संबंधी बयान देने वाले विधायक से कहना चाहता हूं कि मुख्यमंत्री भाजपा के सदस्य नहीं है। इसलिए उन्हें गोकशी के खिलाफ मुख्यमंत्री आवास में घुस जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आगरा में एएसआई संरक्षित बिल्डिंग गिराने वाला ठेकेदार राजधानी में ही एक राजनेता के यहां छिपा हुआ है।

**मिल्कीपुर चुनाव के लिए मीडिया का किया आह्वान :** अखिलेश यादव ने कहा कि मिल्कीपुर चुनाव के लिए वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया और पत्रकारों से कहना चाहते हैं कि यहां आकर देखे कि यूपी में कितना निष्पक्ष चुनाव होता है। भाजपा संविधान नहीं मानती है।

# महीश तीक्षणा बने वनडे में हैट्रिक लेने वाले श्रीलंका के 7वें गेंदबाज, न्यूजीलैंड ने जीता मैच



**हैमिल्टन ।** म्यह सीरीज श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच खेली जा रही है। मेहमान टीम की ओर से तीक्ष्णा ने यह उपलब्धि दो ओवरों में हासिल की। 35वें ओवर में, उन्होंने लगातार दो गेंदों पर न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर और नाथन स्मिथ को आउट किया। इसके बाद 37वें ओवर की पहली ही गेंद पर मैट हेनरी को पवेलियन भेजकर अपनी हैट्रिक पूरी की।

तीक्ष्णा ने 8 ओवर में 44 रन देकर 4 विकेट झटके और अपनी स्पिन गेंदबाजी का बेहतरीन प्रदर्शन किया। यह श्रीलंका के किसी गेंदबाज द्वारा छह साल बाद वनडे में हैट्रिक है। इससे पहले 2018 में दुश्मंथा मदुशनका ने बांग्लादेश के खिलाफ हैट्रिक ली थी।

महीश तीक्ष्णा अब श्रीलंका के उन चुनिंदा गेंदबाजों में शामिल हो गए हैं जिन्होंने वनडे में हैट्रिक ली है। इनमें चमिंडा वास, लसिथ मलिंगा, दिलशान मदुशनका, थिसारा परेरा, परवेज महरूफ और वानिंदु हसरंगा जैसे दिग्गज नाम शामिल हैं।

न्यूजीलैंड की पारी की बात करें तो रचिन रवींद्र ने 79 और मार्क चैपमैन ने 62 रनों की पारी खेली। बारिश के कारण खेल देर से शुरू हुआ और मैच 37 ओवर का कर दिया गया। न्यूजीलैंड ने 255/9 का स्कोर बनाया।

इसके बाद श्रीलंका की टीम मात्र 30.2 ओवर में 142 रनों पर आउट हो गई। इस तरह से बारिश से प्रभावित मुकाबले में श्रीलंका को 113 रनों से करारी हार मिली। श्रीलंका की ओर से कामिंदु मेंडिस ने 66 गेंदों पर 64 रनों की पारी खेली। कोई और बल्लेबाज खास योगदान नहीं कर सका।

न्यूजीलैंड की गेंदबाजी में मैक हेनरी, नाथन स्मिथ और मिशेल सेंटनर को एक-एक विकेट मिला। विलियम ओ'रुरके ने सर्वाधिक 3 और जैकब डफी को 2 विकेट मिले।

यह तीन मैचों की वनडे सीरीज है जिसमें कीवी टीम ने 2-0 से अजेय बढ़त हासिल कर ली है।

**महीश तीक्ष्णा ने बुधवार को वनडे क्रिकेट में हैट्रिक लेकर इतिहास रच दिया। वह श्रीलंका के के सातवें गेंदबाज हैं, जिन्होंने यह कारनामा किया है। तीक्ष्णा की यह हैट्रिक तीन मैचों की सीरीज के दूसरे वनडे में सेडन पार्क में हुई**

# काराबाओ कप : न्यूकैसल से 2-0 की हार के बाद आर्सेनल के लिए मुश्किल हुई राह



**लंदन ।** आर्सेनल को इस सीजन के काराबाओ कप फाइनल में पहुंचने के लिए अब कठिन राह तय करनी होगी। सेमीफाइनल के पहले चरण में न्यूकैसल यूनाइटेड ने उन्हें उनके ही घर, एमिरेट्स स्टेडियम में 2-0 से हरा दिया। न्यूकैसल यूनाइटेड अब दूसरे चरण के लिए सेंट जेम्स पार्क में दो गोल की बढ़त के साथ उतरेगा। न्यूकैसल के लिए ये शानदार प्रदर्शन साबित हुआ, जहां उन्होंने आर्सेनल को हर पहलू में पीछे छोड़ दिया। मैच के 37वें मिनट में अलेक्जेंडर इसाक ने न्यूकैसल को बढ़त दिलाई। यह उनका 15 मैचों में 14वां गोल था और न्यूकैसल के लिए 50वां गोल। उन्होंने यह मुकाम सिर्फ 89 मैचों में हासिल किया।

इसके बाद 51वें मिनट में एंथनी गॉर्डन ने दूसरी बढ़त दिलाई। इसाक के शॉट को गोलकीपर राया ने रोकने की कोशिश की, लेकिन गॉर्डन ने रिबाउंड पर गोल कर दिया। न्यूकैसल ने न केवल दो मौके भुनाए, बल्कि उनके डिफेंस ने आर्सेनल के हर प्रयास को नाकाम कर दिया। यह प्रदर्शन उन्हें वेम्बली के फाइनल के और करीब ले गया है। वहीं, आर्सेनल के लिए यह रात निराशाजनक रही। अब उन्हें 5 फरवरी को दूसरे चरण में अपनी पूरी ताकत झोंकनी होगी। दूसरी ओर, न्यूकैसल के खिलाड़ी उत्साहित हैं और अपने घरेलू दर्शकों के सामने फाइनल में जगह पक्की करने की कोशिश करें गे। अब सभी की निगाहें दूसरे चरण पर होंगी, जहां न्यूकैसल का लक्ष्य तीन सीजन में दूसरी बार काराबाओ कप फाइनल में पहुंचना होगा।

# भारतीय टीम में राहुल और शमी को मौका मिलेगा, अक्षर-जडेजा में कौन होगा स्क्वॉड में

**मुंबई ।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए एक दो दिन में टीम का एलान हो सकता है। 12 जनवरी टीम के एलान की अंतिम तारीख है। खराब फॉर्म से जूझ रहे रोहित शर्मा और विराट कोहली भारतीय वनडे टीम में बल्लेबाजी की धुरी होंगे, लेकिन जब अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति स्क्वॉड चुनने के लिए बैठेगी, तो कम से कम तीन सीनियर खिलाड़ी ऐसे हैं जिनके नाम पर चयनकताओं को माथापच्ची करनी होगी। केएल राहुल, मोहम्मद शमी और रवींद्र जडेजा की 19 फरवरी से



शुरू हो रहे इस टूनार्मेंट के लिए टीम में जगह पक्की नहीं है। हालांकि वे पिछले साल विश्व कप टीम का हिस्सा थे।

## शमी और जडेजा को मिला था आराम

फाइनल के बाद से भारत ने छह वनडे खेले हैं जिसमें शमी और जडेजा को आराम दिया गया, लेकिन राहुल को दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका में द्विपक्षीय सीरीज में टीम में जगह मिली।

श्रीलंका के खिलाफ राहुल को सीरीज के बीच से बाहर किया गया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 नवंबर 2023 को मिली हार के प्रमुख कारणों में सौ से अधिक गेंदों में उनका अर्धशतक शामिल था। समझा जाता है कि यशस्वी जायसवाल को वनडे टीम में जगह मिलने की संभावना है। इससे शीर्ष चार में बायें हाथ का एक बल्लेबाज होगा। पंत विकेटकीपर की पहली पसंद न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, ऋषभ पंत अगर विकेटकीपिंग के लिए पहली पसंद होते हैं तो राहुल को बैकअप रखने का कोई मतलब नहीं है। राहुल अगर विकेटकीपिंग नहीं कर रहे हैं तो बतौर बल्लेबाज टीम में उनकी जगह पक्की नहीं है।

उनके करीबी प्रतिद्वंद्वियों में ईशान किशन ने विजय हजारे ट्रॉफी में रन नहीं बनाए, जबकि संजू सैमसन को शुरूआती मैचों से बाहर रहने के बाद केरल टीम में चुना नहीं गया। सैमसन को मिल सकता है मौका कोच गौतम गंभीर की अगर चयन मामलों में अभी भी चलती है तो सैमसन उनके पसंदीदा होने के कारण टीम में आ सकते हैं। भारत को चैंपियंस ट्रॉफी में अपने मैच दुबई में खेलने हैं और बांग्लादेश के खिलाफ पहला मैच 20 फरवरी को खेला जायेगा। भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान में खेलने से इनकार किया है। सफेद गेंद के प्रारूप में जडेजा का फॉर्म उतना अच्छा नहीं रहा है और पीटीआई के सूत्रों का मानना है कि चयन समिति को वनडे में अक्षर पटेल बेहतर विकल्प लगते हैं।

## सुंदर का चयन तय माना जा रहा है

वॉशिंगटन सुंदर का चयन तय लग रहा है, लेकिन कुलदीप यादव की फिटनेस पर चयनकर्ता नजर रखे हुए हैं। वह पूरी तरह फिट लग रहे हैं, लेकिन विजय हजारे ट्रॉफी में एक भी मैच नहीं खेला। उनके नहीं खेलने पर रवि बिश्नोई या वरूण चक्रवर्ती को मौका मिल सकता है।

# आईसीसी ने सिडनी की पिच को बताया संतोषजनक बाकी पिचों को दी बेहतरीन रेटिंग



**सिडनी ।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की पांच में से चार पिचों को आईसीसी ने बेहतरीन करार दिया है, जबकि सिडनी में पांचवें और आखिरी टेस्ट की पिच को संतोषजनक रेटिंग मिली है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। पांच मैचों की सीरीज ऑस्ट्रेलिया ने 3-1 से जीती और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए भी क्वालिफाई किया।

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कही यह बात

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक विज्ञप्ति में कहा कि पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम की पिच, एडीलेड ओवल, ब्रिसबेन में गाबा की पिच और मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड की पिच को ऊंची रेटिंग मिली है। वहीं, सिडनी क्रिकेट ग्राउंड की पिच को संतोषजनक बताया गया है। सिडनी की पिच इस बार गेंदबाजों की मददगार थी और दोनों पारियों में बल्लेबाज जूझते नजर आए थे।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट परिचालन प्रमुख पीटर रोच ने कहा, 'हम हमेशा कोशिश करते हैं कि ऐसी पिचें तैयार करें जो उस मैदान की खूबी बताती हो और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में ऐसा ही होता आया है।' उन्होंने कहा, 'हम ऐसी पिचें नहीं तैयार करते जो मेजबान टीम के अनुकूल हो या हमारी मदद करे। हम चाहते हैं कि बल्ले और गेंद के बीच अच्छी स्पर्धा हो और नतीजा निकले। तैयारियों पर मौसम का असर पड़ा और हमें पता है कि सबसे कुशल क्यूरेटर भी विपरीत मौसम से प्रभावित होते।'

## गंभीर ने सिडनी की पिच को लेकर दिया बयान

सिडनी की पिच को लेकर जहां सुनील गावस्कर ने कहा कि यह आदर्श पिच नहीं थी वहीं भारतीय कोच गौतम गंभीर ने इसे मसालेदार और टेस्ट क्रिकेट के लिए अच्छी बताया था। गंभीर ने कहा, 'यह सिडनी का सामान्य विकेट नहीं था।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अफगानिस्तान टीम के मेंटर बनेंगे यूनिस खान : सूत्र



**नई दिल्ली ।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) के सूत्रों ने बुधवार को बताया कि पूर्व पाकिस्तानी कप्तान यूनिस खान 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अफगानिस्तान टीम के मेंटर के रूप में जुड़ेंगे।

यूनिस इससे पहले 2022 में अफगानिस्तान टीम के बल्लेबाजी कोच के रूप में छोटे कार्यकाल के लिए काम कर चुके हैं।

एसीबी के सूत्रों ने बताया, ह्लयह पक्का हो गया है कि यूनिस 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अफगानिस्तान टीम के मेंटर रहेंगे। वह टूनार्मेंट से पहले तैयारी कैंप में टीम से जुड़ेंगे और चैंपियंस ट्रॉफी के अंत तक टीम के साथ रहेंगे।

यूनिस खान ने 2017 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। उन्होंने 118 टेस्ट मैचों में 10,099 रन बनाए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 313 रहा। वहीं, 246 वनडे मैचों में उन्होंने 7,249 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 31.24 था। उन्होंने 7 शतक और 48 अर्धशतक लगाए। यूनिस ने पाकिस्तान को 2009 में इंग्लैंड में आयोजित पुरुष टी20 वर्ल्ड कप जिताया था।

यूनिस ने पाकिस्तान टीम के बल्लेबाजी कोच के रूप में काम किया लेकिन 2021 में छह महीने बाद इस्तीफा दे दिया।

# अदाणी स्पोर्ट्सलाइन ने किया अहमदाबाद रेडियो पिकलबॉल स्मैश का आयोजन



**अहमदाबाद ।** अडाणी स्पोर्ट्सलाइन ने हाल ही में अहमदाबाद के साबरमती रिवरफ्रंट स्पोर्ट्स पार्क, पालड़ी में रेडियो प्रोफेशनल्स के लिए एक खास पिकलबॉल टूनार्मेंट आयोजित किया। इस कार्यक्रम का नाम था।

अहमदाबाद रेडियो पिकलबॉल स्मैश। इसमें शहर के बड़े रेडियो चैनलों - रेडियो सिटी, फीवर एफएम, रेडियो मिर्ची और माय एफएम - की टीमों ने हिस्सा लिया। इस टूनार्मेंट में डबल्स फॉर्मेट में 24 खिलाड़ियों ने भाग लिया। उनके परिवार भी इस आयोजन का हिस्सा बने।

सभी को खेल के नियम समझाने के लिए एक घंटे का परिचय सत्र रखा गया। मुकाबले तीन ग्रुप में खेले गए, हर ग्रुप में चार टीम थीं। प्रतिभागियों में रेडियो मिर्ची के आरजे हर्ष, रेडियो सिटी के आरजे हर्षिल, आरजे सौरभ और चैनल के वीपी राजीव पटेल, साथ ही माय एफएम के आरजे तुषार शामिल थे। रेडियो मिर्ची की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और टॉप दो स्थानों पर कब्जा किया। आरजे हर्ष और उनके साथी आदित्य भट्ट ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि उनके सहयोगी प्रणव पुजारा और हेत शाह दूसरे स्थान पर रहे। अडाणी स्पोर्ट्सलाइन के चीफ बिजनेस ऑफिसर संजय अडेसरा ने कहा, यह आयोजन केवल पिकलबॉल का नहीं था, बल्कि रिश्ते बनाने, सेहत को बढ़ावा देने और मीडिया प्रोफेशनल्स के जुड़ने और रिलैक्स करने का एक मंच था।

# बुमराह के मुरीद हुए ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क, तीनों फॉर्मेट का बेस्ट गेंदबाज बताया



**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज बताया है। बुमराह ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करते हुए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का खिताब जीता था।

बुमराह ने सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया, उन्होंने 13.06 की औसत से 32 विकेट लिए और उनकी घातक गेंदबाजी ने ऑस्ट्रेलिया को सीरीज में कई मौकों पर परेशान किया।

सीरीज में बुमराह ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर आए किसी तेज गेंदबाज द्वारा एक सीरीज में 34 विकेट लेने के सिडनी बार्न्स के 1911-12 के रिकॉर्ड के काफी करीब थे। हालांकि, सिडनी में हुए अंतिम टेस्ट में उनकी चोट ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि की बराबरी करने या उससे आगे निकलने से रोक दिया।

क्लार्क ने ईएसपीएन के कार्यक्रम अराउंड द विकेट में कहा, ₹श्रृंखला समाप्त होने के बाद जब मैं बुमराह के प्रदर्शन के बारे में सोच रहा था तो मुझे वास्तव में लगता है कि वह तीनों प्रारूपों में अब तक के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज हैं।

उन्होंने कहा, ₹मैं कई महान तेज गेंदबाजों को जानता हूं, कर्टली एम्ब्रोस, ग्लेन मैकग्रा को टी-20 क्रिकेट खेलने का मौका नहीं मिला, इसलिए मैं उन लोगों के बारे में बात नहीं कर रहा हूं, लेकिन किसी भी ऐसे व्यक्ति के संबंध में जिसने तीनों प्रारूप खेले हैं, मुझे लगता है कि वह अब तक के सर्वश्रेष्ठ हैं। किसी भी परिस्थिति, किसी भी प्रारूप में, यह लड़का अद्भुत है।

बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया पर शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें पर्थ में आठ विकेट, गाबा में छह विकेट और एमसीजी में जबरदस्त प्रदर्शन शामिल है। एससीजी में, उन्होंने ख्वाजा और लाबुशेन को जल्दी आउट कर दिया, लेकिन दूसरे दिन लंच के बाद सिर्फ एक ओवर फेंका।

क्लार्क ने कहा, ₹मुझे लगता है कि भारत शायद सिडनी में 20 रन पीछे रह गया। हालांकि, बुमराह के टीम में होने से मुझे लगता था ।

# अगर फिर से भिड़ंत हुई तो मैं कुछ नहीं कहूंगा बुमराह से पंगा लेकर निराश हैं सैम कोंस्टास



**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलिया के युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टास ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान जसप्रीत बुमराह से हुई झड़प पर खेद जताते हुए स्वीकार किया है कि वह समय बर्बाद करने की कोशिश कर रहे थे लेकिन आखिर में बुमराह को सफलता मिली। कोंस्टास ने आखिरी दो टेस्ट में अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी, लेकिन बुमराह और विराट कोहली से उलझने के कारण भी चर्चा में रहे।

## कोंस्टास और बुमराह के बीच तीखी बहस

ऐसी एक घटना पांचवें टेस्ट के पहले दिन हुई जब कोंस्टास और बुमराह के बीच तीखी बहस हो गई। कोंस्टास ने कोड स्पोटर्स से कहा, 'मुझे प्रतिस्पर्धा करना पसंद है और मैं हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता हूं।' दिन का खेल जब खत्म होने को था तब बुमराह एक और ओवर फेंकना चाहते थे, लेकिन आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने विरोध किया जो समय खपाने की कोशिश में थे । इस कारण से बुमराह और कोंस्टास के बीच बहस हो गई।

कोंस्टास ने घटना को लेकर दिया बयान

दो गेंद बाद बुमराह ने आखिरी गेंद पर उस्मान ख्वाजा का विकेट लिया । इसके बाद उन्होंने कोंस्टास की ओर बढ़कर उसे घूरकर देखा। कोंस्टास ने उस घटना के बारे में लगा, 'मुझे लगता है कि यह मेरे लिये सबक था । मैं थोड़ा समय बर्बाद करने की कोशिश कर रहा था ताकि वे एक और ओवर नहीं फेंक सके लेकिन बुमराह को आखिर में कामयाबी मिली।'

## 'घटना फिर हुई तो कुछ नहीं कहूंगा'

उन्होंने कहा, 'वह बेहतरीन गेंदबाज है और सीरीज में 32 विकेट लिए। अगर ऐसी कोई घटना फिर होती है तो शायद में कुछ नहीं कहूंगा।' कोंस्टास और कोहली के बीच भी सीरीज के दौरान बहस हुई।

# कई भारतीय महिलाओं को आप पसंद हैं

## महिला एंकर के सवाल पर बोल्ड हुए कमिंस, उनके जवाब ने जीता दिल



**मेलबर्न ।** बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से जीत दिलाने के बाद पैट कमिंस का नाम ऑस्ट्रेलिया के महान कप्तानों में शुमार हो गया है। कंगारू पिछले 10 साल से बीजीटी जीतने का इंतजार कर रहे थे। आखिरकार कमिंस ने इसमें कामयाबी दिलाई। उनकी कप्तानी में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने बीजीटी के अलावा वनडे विश्व कप 2023 और टेस्ट चैंपियनशिप 2021 जीत चुकी है।

अब टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में भी पहुंच चुकी है। अब पैट कमिंस का बीजीटी सीरीज के ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर्स के साथ एक दिलचस्प इंटरव्यू सामने आया है। इसमें एक महिला एंकर उनसे ऐसी बात कहती है, जिसे सुनकर कमिंस हैरान रह जाते हैं और पहले तो उन्हें कोई जवाब नहीं सूझता है। फिर वह एक ऐसा जवाब देते हैं, जिसने फैंस का दिल जीत लिया। वह शमार्ते भी दिखे।

महिला एंकर साहिबा बाली कमिंस से कहती है, 'भारत में आपकी बड़ी फैन फॉलोइंग है, खासकर महिलाओं में। महिलाओं का एक बड़ा ग्रुप है जिनको आप पसंद हैं। इसमें मैं भी शामिल हूं।

मेरी सबसे अच्छी दोस्त भी इसमें शामिल है। उसने मुझे मैसेज किया, 'तुम पैट कमिंस से मिल रही हो। मुझे तुमसे बहुत जलन हो रही है।' बेशक, हर कोई जानता है कि आप शादीशुदा हैं, लेकिन आप महिला का ध्यान कैसे आकर्षित करते हैं और फिर इस फैन ग्रुप से कैसे डील करते हैं?' कमिंस ने दिया जवाब इस पर कमिंस झेंप जाते हैं और मुस्कुराते हुए कहते हैं, 'मुझे नहीं पता था आप यह सवाल पूछने जा रही हैं। मैं सिर्फ अपने काम पर ध्यान देता हूं।'

इस पर महिला एंकर पूछती हैं, 'क्या आप भी इसे स्वीकार करते हैं?' इस पर कमिंस ने कहा, 'जाहिर है, भारत में काफी फैंस हैं। वे क्रिकेट और इससे जुड़े खिलाड़ियों को लेकर काफी उत्साहित रहते हैं।

# अमेरिकी न्याय विभाग की अदालत से गुहार

## कहा- हमले के मास्टरमाइंड के साथ किए गए समझौते को रोका जाए

**वॉशिंगटन ।** बाइडन प्रशासन ने अमेरिका की अपील अदालत से 09/11 हमले के मास्टरमाइंड और अन्य आरोपियों के साथ किए गए समझौते को रोकने की मांग की है। अमेरिकी सरकार ने कहा कि अगर समझौते को बरकरार रखा गया तो अमेरिका में हुए अब तक के सबसे घातक हमले का मास्टरमाइंड खालिद शेख मोहम्मद मौत की सजा से बच जाएगा। साथ ही इससे सरकार को नुकसान होगा।

अमेरिकी न्याय विभाग ने कोलंबिया की संघीय अपील अदालत में दायर याचिका में कहा कि 9/11 हमले के मास्टरमाइंड और अन्य दो आरोपियों के खिलाफ सरकार को सार्वजनिक तौर पर सुनवाई करने का मौका दिया जाना चाहिए। हमें तीन लोगों के खिलाफ मृत्युदंड की मांग करने का अवसर दिया जाए। तीनों पर सामूहिक हत्या का आरोप है। उनके कृत्य से हजारों लोगों की मौत हुई और देश तथा दुनिया स्तब्ध रह गई।



मंगलवार को जब न्याय विभाग ने अपील दायर की तो हमले में मारे गए तीन हजार लोगों के परिवार के सदस्य क्यूबा के ग्वांतानामो बे में अमेरिकी नौसैनिक अड्डे पर खालिद शेख मोहम्मद के खिलाफ याचिका पर सुनवाई के लिए पहुंचे थे। न्याय विभाग ने कहा कि इस मामले में सरकार के अनुरोध के आधार पर गुण-दोष पर विचार करने के लिए न्यायालय को कुछ समय देने से प्रतिवादियों को कोई नुकसान नहीं होगा। न्याय विभाग ने सैन्य आयोग के न्यायाधीश के उस फैसले की आलोचना की, जिसमें रक्षा सचिव के अधिकारों को लेकर टिप्पणी की गई थी। यह है मामला 11 सितंबर 2001 को अमेरिका में हुए आतंकी हमले में 3000 के करीब लोगों की मौत हुई थी और इस आतंकी हमले ने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया था। अपहरणकताओं ने पहले दो विमानों को न्यूयॉर्क शहर में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के ट्विन टावरों से टकराया और तीसरे विमान को वर्जीनिया के अर्लिंग्टन में पेंटागन से टकराया। चौथे विमान को वॉशिंगटन डीसी में एक संघीय सरकारी इमारत को टक्कर मारनी थी।


### मृतकों के परिजनों में मतभेद

सरकार और आरोपियों के बीच हुए समझौते को लेकर मृतकों के परिजनों में भी मतभेद है। कुछ लोगों ने समझौते को सही ठहराया है। जबकि कुछ ने मुकदमे की मांग की और उन्हें उम्मीद है आरोपियों को फांसी दी जाएगी। कुछ परिवार के सदस्यों और रिपब्लिकन सांसदों ने इस समझौते के लिए बाइडन प्रशासन की निंदा की

# अमेरिका में भारतीय छात्रा को कार से टक्कर मारने वाला पुलिस अफसर केविन बर्खास्त, जाह्नवी की हुई थी मौत

**नई दिल्ली ।** सिएटल के एक पुलिस अधिकारी को उसके पद से बर्खास्त कर दिया गया है। इस अधिकारी ने जनवरी, 2023 में कार से टक्कर मारकर भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला की जान ले ली थी।

सिएटल पुलिस की अंतरिम प्रमुख सू राहर ने कहा कि उन्होंने केविन डेव को सिएटल पुलिस विभाग से बर्खास्त कर दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, डेव की खतरनाक ड्राइविंग के दुखद नतीजे को देखते हुए उसे नौकरी से हटाया गया है। पुलिस अधिकारी केविन डेव 23 जनवरी, 2023 को सिएटल में एक गश्ती कार चला रहा था और उसने सड़क पार कर रही आंध्र प्रदेश की जाह्नवी कंडुला (23) को टक्कर मार दी थी। उस समय, डेव की कार की रफ्तार 119 किमी/घंटा से अधिक थी। कार से टक्कर लगने के कारण कंडुला 100 फुट दूर जा गिरी और घटनास्थल पर ही मारी गई। डेव की खतरनाक ड्राइविंग के कारण सिएटल पुलिस की हुई बदनामी



सू राहर ने कर्मचारियों को भेजे गए ईमेल में कहा कि सिएटल पुलिस के जवाबदेही कार्यालय ने पाया कि डेव ने विभाग की चार नीतियों का उल्लंघन किया था। सिएटल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, शुरू में डेव की खतरनाक ड्राइविंग के दुखद परिणामों को स्वीकार नहीं किया गया, उसके कारण मानव जीवन की हानि हुई और सिएटल पुलिस की बदनामी हुई। वैन में बैठा अन्य अधिकारी पहले ही हो चुका बर्खास्त घटना के वक्त पुलिस वाहन चला रहे केविन डेव से पहले एक और पुलिस अधिकारी डैनियल ऑर्डरर को भी नौकरी से निकाला जा चुका है। वह उसी वाहन में था जिसे डेव चला रहा था। कंडुला के वाहन से टकराने के बाद ऑर्डरर ने असंवेदनशील टिप्पणियां कीं और घटना पर हंसने के चलते नौकरी से निकाला गया। सिएटल में भारत का महावाणिज्य दूतावास इस मामले में न्याय सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत रहा था।

# पाकिस्तान को अपने ही नौकरशाहों से खतरा, 22 हजार से अधिक अफसरों के पास दोहरी नागरिकता

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान में एक आश्चर्यजनक घटनाक्रम में नेशनल असेंबली (निचला सदन) की एक समिति को सूचित किया गया कि देश के 22,000 से अधिक नौकरशाहों के पास दोहरी नागरिकता है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।




आंतरिक मामलों से संबंधित नेशनल असेंबली की स्थायी समिति की राजा खुर्रम नवाज की अध्यक्षता में हुई बैठक में सदस्यों ने इस चलन पर चिंता जताई। एक्सप्रेस ट्रिब्यून समाचार पत्र के अनुसार, सदस्यों ने खासकर नौकरशाहों, न्यायाधीशों और सांसदों के लिए इस चलन को प्रतिबंधित करने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की। बैठक में प्रस्तावित कानून पर विचार-विमर्श किया गया, जिसके तहत उन देशों के नागरिकों को पाकिस्तानी पासपोर्ट दिया जाएगा, जिनके साथ पाकिस्तान के दोहरी नागरिकता समझौते हैं। बैठक के दौरान, यह पता चला कि करीब 22,000 नौकरशाहों के पास दोहरी नागरिकता है।

समिति के सदस्य अब्दुल कादिर पटेल ने आश्चर्य जताया कि नेशनल असेंबली के सदस्यों और न्यायाधीशों के लिए दोहरी नागरिकता प्रतिबंधित है, जबकि नौकरशाहों के लिए ऐसी रोक नहीं है। उन्होंने प्रस्ताव दिया कि विधेयक में यह सुनिश्चित करने के लिए प्रावधान शामिल किया जाना चाहिए कि दोहरी नागरिकता वाले व्यक्तियों को नौकरशाह के तौर पर नियुक्त न किया जाए। पटेल ने इस तर्क को भी चुनौती दी कि नेताओं को राज्य की गोपनीयता की सुरक्षा की आवश्यकता के कारण दोहरी नागरिकता नहीं दी जाती है। विस्तृत आंकड़े मांगे पीपीपी पार्टी के आगा रफीउल्लाह ने दोहरी नागरिकता रखने वाले पाकिस्तानी नागरिकों के बारे में विस्तृत आंकड़े मांगे, जिसमें यह भी शामिल है कि कितने लोगों ने अपनी विदेशी नागरिकता त्याग दी है और क्या आधिकारिक पंजीकरण निकाय एनएडीआरए के पास यह डाटा है कि ये व्यक्ति किन देशों से जुड़े हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार समिति के सदस्य ने शीर्ष भ्रष्टाचार-रोधी निकाय एनएबी (राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो) के अध्यक्ष का उदाहरण देते हुए दोहरी राष्ट्रीयता नियमों में ढील पर भी चिंता जताई।

# सिंध प्रांत में अतिक्रमण हटाने का अभियान हुआ हिंसक अधिकारियों-भीड़ के बीच झड़प, 12 पुलिसकर्मी घायल

**सिंध ।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में अतिक्रमण हटाने का अभियान हिंसक हो गया। इस दौरान अधिकारियों और भीड़ के बीच झड़प हो गई, जिसमें 12 पुलिसकर्मी घायल हो गए। यह झड़प मंगलवार को हैदराबाद शहर के कसीमाबाद में हुई। एक सिंचाई चैनल को बहाल करने और भूमि पर 24 फुट चौड़ी सड़क बनाने के लिए अतिक्रमण और संरचनाओं को हटाने के लिए पुलिस एक मजबूत बैकअप के साथ मौके पर पहुंचे। उन्हें वहां स्थानीय लोगों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा।

स्थानीय लोगों ने अधिकारियों पर पथराव किया, जिसमें कुछ सरकारी वाहनों के शीशे टूट गए। जब कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हवाई फायरिंग की और आंसू गैस के गोले छोड़े, जिसके कारण कई नागरिक घायल हो गए।




हैदराबाद के डिप्टी कमिश्नर (डीसी) जैनुल आबिदीन मेमन ने कहा, पिछले दिन की झड़प के बाद बुधवार को भी अभियान जारी था।

इस अभियान का नेतृत्व सिंचाई विभाग कर रहा है। मेमन ने बताया कि कासिमाबाद सहायक आयुक्त के सर्वेक्षण के अनुसार क्षेत्र में 350-400 अतिक्रमित संरचनाएं मौजूद थीं। हालांकि, स्थानीय लोगों ने अपनी एक अलग कहानी बताई। लोगों ने आरोप लगाया कि उन्होंने निर्मित संरचनाओं को 10 लाख रुपये से अधिक में खरीदा है। उन्होंने बताया कि उनके पास बिल भी है।

# इस्राइल ने गाजा पर फिर किए हवाई हमले महिलाओं-बच्चों समेत 17 लोगों की मौत

**यरूशलम ।** दक्षिणी गाजा में इस्राइली हवाई हमलों में मंगलवार देर रात कम से कम 17 लोग मारे गए। इस हवाई हमले में मारे लगभग सभी महिलाएं या बच्चे हैं। इससे पहले इस्राइली लड़ाकू विमानों और ड्रोनों ने गाजा पट्टी में 100 से अधिक स्थानों पर बमबारी की थी। जिसमें लगभग 200 लोगों के मारे जाने की जानकारी सामने आई थी।



खान यूनिस के निकटवर्ती नासिर अस्पताल में बाल वार्ड के निदेशक अहमद अल-फर्रा ने बताया कि एक ही टेंट में रह रहे पांच बच्चों की मौत हो गई। टेंट, घरों और एक वाहन पर हुए हमले के बाद अस्पताल लाए गए आठ बच्चों और पांच महिलाओं में उनके शव भी शामिल थे।

इस हमले को लेकर इस्राइली सेना ने कहा कि उसने 7 अक्टूबर, 2023 को हुए हमले में भाग लेने वाले आतंकवादियों को निशाना बनाया था। उसने नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के जोखिम को कम करने के लिए कदम उठाए और नागरिक हताहतों के लिए हमास को जिम्मेदार ठहराया।

# जिमी कार्टर का पार्थिव शरीर यूएस कैपिटल पहुंचा, राजकीय सम्मान के साथ दफनाने की प्रक्रिया शुरू

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर का पार्थिव शरीर देश की राजधानी वॉशिंगटन पहुंच चुका है। जिमी कार्टर के पार्थिव शरीर को पूरे राजकीय सम्मान के साथ यूएस कैपिटल में दफनाया जाएगा। पूर्व राष्ट्रपति को दफनाने की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो जाएगी। जिमी कार्टर का 100 वर्ष की आयु में बीती 29 दिसंबर को निधन हो गया था। उसके बाद उनका पार्थिव शरीर अटलांटा स्थित कार्टर प्रेसिडेंशियल सेंटर में रखा हुआ था। पूरे राजकीय सम्मान के साथ पार्थिव देह को वॉशिंगटन लाया गया मंगलवार सुबह पूर्व राष्ट्रपति की पार्थिव देह को विशेष विमान से डोबिन्स एयर रिजर्व बेस से मैरीलैंड में ज्वाइंट बेस एंड्रयूज बेस लाया गया। इसके बाद विशेष काफिले से पार्थिव देह को राजधानी वॉशिंगटन लाया गया। अब यूएस कैपिटल में पूर्व राष्ट्रपति की पार्थिव देह को दफनाया जाएगा। यहां विभिन्न सांसद पूर्व राष्ट्रपति के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। वॉशिंगटन पहुंचने पर पूर्व राष्ट्रपति के सम्मान में तोपों की सलामी दी गई।




# ट्रंप ने नाटो देशों पर रक्षा खर्च बढ़ाने का डाला दबाव कहा- जीडीपी का पांच फीसदी होना चाहिए

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को नाटो सदस्यों पर अपने रक्षा खर्च को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के पांच फीसदी तक बढ़ाने का दबाव डाला। इससे ट्रंप के लंबे समय से चले आ रहे दावों को बल मिला है, जिसमें वह कहते आ रहे हैं कि नाटो देश अमेरिकी सुरक्षा के लिए कम भुगतान कर रहे हैं।

ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा कि नाटो देश इसे वहन कर सकते हैं, लेकिन उन्हें दो फीसदी नहीं, बल्कि पांच फीसदी होना चाहिए। ट्रंप ने आगे कहा, 'यूरोप को हमारे पास मौजूद धन का बहुत छोटा हिस्सा ही मिलेगा। हमारे बीच एक महासागर है, हमें यूरोप की तुलना में अरबों-खरबों डॉलर अधिक धन क्यों खर्च करना चाहिए?' नाटो की भूमिका पर लंबे समय से सवाल उठाते रहे हैं ट्रंप ट्रंप लंबे समय से नाटो की भूमिका पर सवाल उठाते रहे हैं, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यूरोप में सुरक्षा का एक मुख्य स्तंभ है। उन्होंने पिछले महीने धमकी दी थी कि यदि नाटो सदस्य अपने खर्च में वृद्धि नहीं करते हैं, तो वे गठबंधन छोड़ सकते हैं।



नाटो के 32 देशों ने 2023 में जीडीपी के दो फीसदी के रक्षा खर्च का न्यूनतम स्तर निर्धारित किया था। यूक्रेन में रूस के युद्ध ने नाटो को अपने पूर्वी हिस्से को मजबूत करने और खर्च बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है।

### वृद्धि की मांग करने वाले ट्रंप एकमात्र नहीं

वृद्धि की मांग करने वाले ट्रंप एकमात्र नहीं है। नाटो प्रमुख मार्क रूट भी पिछले महीने कह चुके हैं कि हमें दो फीसदी से कहीं अधिक की आवश्यकता होगी। रूट ने यह भी चेतावनी दी थी कि यूरोपीय देश रूस के साथ संभावित युद्ध के खतरे के लिए तैयार नहीं हैं, इसलिए उन्होंने यूरोपीय देशों से रक्षा खर्च बढ़ाने का आह्वान किया। ट्रंप बोले- बाइडन के सुझाव से रूस का आक्रमण बढ़ा इसके अलावा, ट्रंप ने यह भी दावा किया कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है ।

# अदाणी मामले को लेकर अमेरिकी सांसद ने उठाए सवाल

## कहा- इससे भारत-अमेरिका के संबंध को नुकसान

**वॉशिंगटन ।** भारतीय अरबपति गौतम अदाणी और उनकी कंपनियों के खिलाफ जांच के बाइडन प्रशासन के फैसले को लेकर रिपब्लिकन सांसद ने न्याय विभाग को घेरा है। सांसद ने कहा है कि ऐसी कार्रवाईयों से भारत-अमेरिका संबंधों को नुकसान हो सकता है। अमेरिकी अटार्नी जनरल मेरिक बी गारलैंड को लिखे पत्र में सांसद लांस गुडेन ने कहा कि न्याय विभाग की ऐसी चुनिंदा कार्रवाईयों से अमेरिका के वैश्विक संबंध और आर्थिक विकास प्रभावित हो सकता है।

सदन न्यायपालिका समिति के सदस्य और सांसद लांस गुडेन ने पत्र लिखकर अमेरिकी अटार्नी जनरल मेरिक बी गारलैंड से जवाब मांगा है। गुडेन ने अपने पत्र में पूछा कि यदि भारत प्रत्यर्पण अनुरोध का पालन करने से इनकार कर देता है तो अमेरिका क्या करेगा।

उन्होंने न्याय विभाग द्वारा विदेशी इकाइयों के विरुद्ध किए गए अभियोजन के बारे में भी जवाब मांगा।



उन्होंने पत्र में यह भी पूछा कि क्या इसका जॉर्ज सोरोस से कोई संबंध है?

गुडेन ने कहा कि भारत एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका के सबसे मजबूत सहयोगियों में से एक है। न्याय विभाग को कमजोर अधिकार क्षेत्र वाले मामलों को आगे बढ़ाने, विदेशों में अफवाहों का पीछा करने के बजाय घरेलू स्तर पर बुरे लोगों को दंडित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

सांसद ने कहा कि उन संस्थाओं को निशाना बनाना जो अरबों डॉलर का निवेश करती हैं और अमेरिकियों के लिए हजारों नौकरियां पैदा करती हैं, दीर्घकाल में अमेरिका को ही नुकसान पहुंचा सकता है।

उन्होंने कहा कि जब हम हिंसक अपराध, आर्थिक जासूसी से जुड़े खतरों को नजरअंदाज कर देते हैं और उन लोगों के पीछे पड़ जाते हैं जो हमारे आर्थिक विकास में योगदान देते हैं, तो यह हमारे देश में निवेश करने वाले मूल्यवान निवेशकों को हतोत्साहित करता है। ऐसा माहौल अमेरिका के औद्योगिक आधार और आर्थिक विकास के प्रयासों को रोक देगा।

# लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगी भीषण आग ने मचाई तबाही

## 30 हजार लोगों को सुरक्षित निकालने की तैयारी

**न्यूयॉर्क ।** दक्षिणी कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स में लगी भयंकर आग विकराल रूप ले चुकी है। हजारों लोगों को रिहायशी इलाकों से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर ले जा गया है। लॉस एंजिल्स के पहाड़ी इलाकों में लगी आग को बुझाने के लिए अग्निशमन दल ने कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। आग की लपटें मीलों तक फैली हुई हैं। तूफानी हवाओं के कारण स्थिति और गंभीर हो गई है, जिससे राहत कार्यों में बाधा आ रही है। इस बीच राष्ट्रपति जो बाइडेन ने आर्थिक मदद की घोषणा की है।

लॉस एंजिल्स फायर डिपार्टमेंट की फायर चीफ क्रिस्टिन क्राउली ने बताया कि 10,000 से अधिक घरों और 13,000 से अधिक इमारतों में रहने वाले करीब 26,000 लोग आग से प्रभावित हुए हैं। बड़ी तादात में लोग अपनी कारों को छोड़कर पैदल ही सुरक्षित स्थानों की ओर जा रहे हैं, क्योंकि सड़कें भीषण आग के चलते अवरुद्ध हैं। आग को तेज हवाओं ने और बढ़ा दिया है।



### कैलिफोर्निया के लाखों लोगों के लिए चेतावनी जारी की गई है। इसके साथ ही लोगों को आग के और फैलने का खतरे से आगाह किया गया है

इसके साथ ही बड़े इलाके की बिजली सप्लाई को बंद कर दिया गया है। जिसके चलते करीब पांच लाख लोग प्रभावित हुए हैं।

पश्चिमी लॉस एंजिल्स के पैसिफिक पैलिसेड्स में आग ने लगभग 2 वर्ग मील से अधिक जंगल को जला दिया है। जिससे पूरे शहर में धुएं गुबार देखा जा सकता है। आग से न केवल संपत्ति को नुकसान पहुंचा है, बल्कि पर्यावरण को भी गंभीर हानि हुई है।

सैकड़ों पेड़ और जानवर इस आग में जलकर खाक हो गए हैं। पैलिसेड्स जंगल में आग लगने की सूचना सबसे पहले मंगलवार सुबह करीब 10:30 बजे उत्तरी पिएड्रा मोराडा ड्राइव में आई। अग्निशमन विभाग के अनुसार, तेज हवाओं के कारण दोपहर तक यह 200 एकड़ से अधिक क्षेत्र में आग फैल गई।

राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कहा कि बुधवार को सुबह चलने वाली तेज हवाएं स्थिति को और बिगाड़ सकती है। लॉस एंजिल्स यूनिफाइड स्कूल डिस्ट्रिक्ट का कहना है। कि आग के कारण पैसिफिक पैलिसेड्स क्षेत्र के तीन परिसरों से छात्रों को अस्थायी रूप से स्थानांतरित किया जा रहा है।

# नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष पंकज कुमार लड्डू का भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन टेढ़ा ने किया स्वागत





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)** भारतीय जनता पार्टी के खोड़ा-मकनपुर नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष पंकज कुमार लड्डू का युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन ने टीम के साथ भव्य स्वागत हुआ। सचिन डेढ़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन का महापर्व चल रहा है। ग्रुप बूथ से लेकर मंडल, जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पदाधिकार का चयन किया जा रहा है। इसी क्रम में खोड़ा मकनपुर मंडल पंकज कुमार लड्डू मंडल अध्यक्ष चुने गए। जिनका कार्यालय पर फूल मालाओं का परिधान कर भव्य स्वागत हुआ। इस अवसर पर नितिन शर्मा, आशीष चौधरी, दीपक शर्मा, पुष्पेंद्र गुप्ता, राहुल मावी, राहुल राजोरिया, विनय गुप्ता, राहुल तिवारी, कपिल शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# अमेरिका से पीएच-डी. डिग्री प्राप्त कर लौटी प्रो. दीपशिखा भाटी का अभिनंदन समारोह



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** श्याम पार्क मेन में स्थित आर्यन एकेडेमी जूनियर हाई स्कूल में रामकली-प्यारेलाल जनसेवा पीठ, श्याम पार्क मेन आरडब्ल्यूए और श्याम पार्क व्यापार-मण्डल ने सामूहिक रूप दीपशिखा भाटी को उनकी विशेष प्रतिभा व योग्यता का अभिनन्दन करते हुए, प्रतीक चिन्ह और प्रमाण-पत्र भेंट करके सम्मानित किया। जिसने अमेरिका में जाकर कंप्युटर साइंस में अपना शोध-कार्य केन्ट स्टेट यूनिवर्सिटी से पूरा कर पीएच-डी. की डिग्री हासिल की और उसी केन्ट यूनिवर्सिटी ने उच्च शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रोफेसर पद पर डॉ. दीपशिखा भाटी को नियुक्त भी कर लिया। प्रो. दीपशिखा भाटी शालीमार गार्डन साहिबाबाद से नगर निगम पार्षद राजीव भाटी की पुत्री हैं और उन्होंने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा एवं बाकी उच्च शिक्षा भारत में रहकर ही पूरी की है। इस प्रतिभा सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि श्याम पार्क एक्सटेंशन की पार्षद कविता भाटी रहीं और विशेष अतिथि के तौर पर पार्षद राजीव भाटी भी आमंत्रित रहे। कार्यक्रम का संचालन आर्यन स्कूल के निदेशक संजीव गौड़ ने किया। इस अवसर पर डॉ. दीपशिखा भाटी ने अपने शोध विषय पर प्रकाश डालते हुए अपनी सभी शैक्षिक उपलब्धियों के पीछे अपने माता-पिता की मेहनत और योगदान को बताया।

# दिल्ली-एनसीआर से कार चोरी कर मेरठ में बेचने वाले गैंग का पदार्फाश, चुराने का तरीका देख खाकी भी हैरान

### तमंचा, कारतूस, चाकू, घटना में प्रयुक्त कार, दो मोबाइल फोन, एक मास्टर चाबी और 20,500 रुपये बरामद

**नोएडा, करंट क्राइम।** नोएडा की थाना सेक्टर-24 पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर से वाहन चोरी करने वाले एक गैंग का पदार्फाश किया है। पुलिस ने बुधवार को गैंग के दो बदमाशों को सेक्टर-11 स्थित बिजली घर के पास से पकड़ा है। पुलिस का दावा है कि पकड़े गए आरोपी मास्टर चाबी से वाहन चोरी कर उसे मेरठ के परतापुर में एक शख्स को बेच रहे थे। आरोपियों ने चोरी की कई वारदातों को अंजाम दिए जाने की बात स्वीकार की है।

### सेक्टर-12 से चोरी की थी कार

एडीसीपी मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि सेक्टर-12 निवासी सुरेंद्र कुमार सिंघल ने 2 जनवरी को कार चोरी का केस दर्ज कराया था। उन्होंने बताया था कि 28 दिसंबर 2024 की रात करीब 2.30 बजे घर के पास खड़ी उनकी कार को अज्ञात लोग चुरा ले गए। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। फुटेज के आधार पर पुलिस टीम चोरों की तलाश कर रही थी। बुधवार को सूचना के आधार पर पुलिस ने सेक्टर-11 स्थित बिजली घर के पास से दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान जिला हापुड़ के गांव दहीपुर निवासी सोनू कुमार और दिल्ली के गांव देवली निवासी अमित सिंह के रूप में हुई। इनके पास से एक तमंचा, एक कारतूस, एक चाकू, घटना में प्रयुक्त कार, दो मोबाइल फोन, एक मास्टर चाबी और 20,500 रुपये बरामद हुए हैं।



एडीसीपी मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि 28 दिसंबर को चोरी हुए वाहन के बारे में पूछताछ की तो आरोपियों ने बताया कि वह मास्टर चाबी से किसी भी वाहन का लॉक खोल सकते हैं। वाहन चोरी करने के बाद वह उसे मेरठ के परतापुर निवासी रघुवंश को बेच देते हैं। सेक्टर-12 से चोरी किए गए वाहन को उन्होंने रघुवंश को 50 हजार रुपये में बेच दिया था और 25-25 हजार रुपये आपस में बांट लिए थे। पुलिस अब मेरठ निवासी रघुवंश की तलाश कर रही है।

### दिल्ली से खरीदी थी बरामद कार

एडीसीपी ने बताया कि बरामद कार के बारे में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने यह कार दिल्ली से खरीदी थी, लेकिन अभी तक वह इसका रजिस्ट्रेशन अपने नाम नहीं करा पाए हैं। वहीं, पुलिस ने बताया कि आरोपी अमित सिंह के खिलाफ दिल्ली में वर्ष 2017 में चोरी का पहला मामला दर्ज हुआ था। अब तक दिल्ली के विभिन्न थानों में 18 मामले दर्ज हो चुके हैं। सोनू कुमार के खिलाफ विभिन्न थानों में चोरी के सात मामले दर्ज हैं।

# पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सिपाही भर्ती के लिए 1937 के हुए फिजिकल टेस्ट

### 1270 पुरुष अभ्यर्थियों ने कराई है अब तक नापतोल







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश पुलिस में महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की सिपाही भर्ती के लिए फिजिकल टेस्ट इन दिनों पुलिस लाइन गाजियाबाद में चल रहा है। 26 दिसंबर से शुरू हुए इस फिजिकल टेस्ट के अंतर्गत अबतक पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कुल 1937 अभ्यर्थियों द्वारा फिजिकल टेस्ट देते हुए अपने प्रमाण पत्र और नापतोल कराई जा चुकी है। इसके साथ ही इस दौरान पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों और स्वास्थ्य अधिकारी से लेकर अन्य टीम पूरा निरीक्षण कर रही है। बुधवार को भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों ने अपना फिजिकल टेस्ट दिया है। बताया जा रहा है कि फिजिकल टेस्ट पूरे होने के बाद इनकी कई स्तर की ट्रेनिंग भी आयेजित की जाएगी।

### अब तक 1937 ने कराई है अपनी जांच



**करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा में भर्ती के लिए फिजिकल एजुकेशन का टेस्ट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में अबतक 1937 अभ्यर्थी कर चुके हैं। जिसमें 1270 पुरुष अभ्यर्थी हैं और 667 महिला अभ्यर्थी शामिल है। इनके प्रमाण पत्रों से लेकर उनकी शारीरिक दक्षता और क्षमता नापी जा रही है। वहीं उनके तमाम तरीके के टेस्ट भी हो रहे हैं। जिसमें पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहते हैं और पूरा पैनल निरीक्षण करता है।

### पुरुष सिपाहियों का अधिक नजर आ रहा है जोर

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की पुलिस लाइन में उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा में सिपाहियों के लिए भर्ती का फिजिकल टेस्ट चल रहा है। जिसमें पुरुष अभ्यर्थियों की संख्या लगभग आधे से अधिक चल रही है। अब तक कुल 1270 पुरुष अभ्यर्थी फिजिकल टेस्ट में शामिल हुए हैं जबकि महिलाओं की संख्या 667 है। बताया जा रहा है कि यह प्रक्रिया अभी मध्य तक पहुंची है और इसे पूरा करने का काम चल रहा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि आने वाले सालों में उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में पुलिस की भर्ती पूरी होगी, जिससे पुलिस बल का संख्या बल बढ़ेगा।

# दिल्ली-एनसीआर में डेढ़ सौ वाहन चोरी करने वाले तीन वाहन चोर गिरफ्तार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** क्राइम ब्रांच गाजियाबाद स्वॉट टीम द्वारा दिल्ली-एनसीआर में दोपहिया वाहनों की चोरी करने वाले गिरोह के तीन शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि गिरफ्तार किए गए गिरोह द्वारा अब तक दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों से डेढ़ सौ से अधिक दोपहिया वाहन चोरी किए गए हैं। चोरी के वाहनों को फिर कम दामों में बेचने का काम किया जाता है। क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम द्वारा बुधवार को इस मामले में विजय यादव निवासी मूलरूप से अलीगढ़ और वर्तमान में गौतम बुद्ध नगर को दबोचा गया है। तो वहीं पिंटू सोलंकी इंदिरापुरम और सोनू अलीगढ़ को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनसे चोरी के 21 वाहन और सामान बरामद किया है। पुलिस की माने तो गिरफ्तार आरोपियों पर बड़ी संख्या में मुकदमे दर्ज हैं। एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद और क्राइम ब्रांच स्वॉट प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी ने प्रेसवार्ता में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

## क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम ने चोरों के 21 वाहनों में नौ वाहन किए कनेक्ट

### दिल्ली-एनसीआर में कई वर्षों से वाहन चोरी में एक्टिव हैं गिरफ्तार आरोपी



### खाली पार्क में खड़ी करते थे चोरी के वाहन और ग्रामीण इलाकों में करते थे डिलीवरी

**करंट क्राइम :** एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने जानकारी दी है कि गिरफ्तार किए गए विजय, पिंटू और सोनू चोरी के वाहनों को बड़े पार्कों के आसपास खड़ा कर दिए करते थे। दो-तीन दिन बाद फिर इन वाहनों को अलीगढ़ और दिल्ली-एनसीआर के आसपास के गांव में ले जाकर दूध बेचने वाले लोगों को बेंच दिया करते थे। उनसे कम पैसे में वाहन डिलीवर करते थे। पुलिस की मानें तो यह गिरोह अब तक डेढ़ सौ से अधिक वाहन चोरी कर चुका है। पुलिस ने इनसे जो वाहन बरामद किए हैं, उसमें 9 को कनेक्ट कर लिया गया है।

### तीन आरोपियों पर दर्ज हैं 30 मुकदमे

**करंट क्राइम :** क्राइम ब्रांच स्वॉट प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी ने जानकारी दी है कि आरोपी विजय के खिलाफ दिल्ली में 7, नोएडा में एक, अलीगढ़ में एक, हापुड़ में एक और गाजियाबाद में भी एक कुल 11 मुकदमे हैं। तो वही पिंटू सोलंकी के विरुद्ध दिल्ली में सात, नोएडा-अलीगढ़ में एक-एक और गाजियाबाद में दो कुल 11 आपराधिक मुकदमे हैं। वहीं गिरफ्तार सोनू के विरुद्ध भी दिल्ली में सात, गाजियाबाद में एक कुल आठ मुकदमे पंजीकृत हैं। यह सभी नई उम्र के लड़के हैं और वाहन चोरी व ताला तोड़ने में एक्सपर्ट भी हैं। क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम ने सभी को कवि नगर थानाक्षेत्र से गिरफ्तार करते हुए खुलासा किया है।

# सड़क किनारे खून से लथपथ मिला शव, रोड एक्सीडेंट होने की आशंका

**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा में दनकौर कोतवाली के बांजरपुर गांव के पास बुधवार को खून से लथपथ एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची थाना दनकौर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। शव पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस ने सड़क दुर्घटना में मौत होने की आशंका जताई है। फिलहाल पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना देकर जांच शुरू कर दी है।



दनकौर पुलिस को बुधवार दोपहर बांजरपुर गांव के पास सड़क किनारे एक युवक का शव पड़े होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों से शव की शिनाख्त के प्रयास किए। काफी कोशिशों के बाद मृतक की पहचान 32 वर्षीय विपिन निवासी आजमपुर गढ़ी के रूप में हुई है। पुलिस जांच में विपिन का शव खून से लथपथ मिला है। उसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले हैं। पुलिस ने अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक के मौत होने की आशंका जताई है।

पुलिस जांच में पता चला है कि विपिन शराब पीने का आदी था और करीब आठ महीने तक नशा मुक्ति केंद्र में भी रहा था। इसके बाद भी उसकी नशे की आदत नहीं छूट पाई थी। इस बारे पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में युवक की सड़क दुर्घटना में मौत होना प्रतीत हो रहा था। कोतवाल प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि शिकायत का आधार पर मामले में जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ऑटो ड्राइवर की हत्या, बाइक और ऑटो के बीच हुई थी टक्कर

**नोएडा (करंट क्राइम)।** सेंटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में रोडरेज में एक हत्या का मामला सामने आया है। जहां एक ऑटो चालक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि एक बाइक और ऑटो की टक्कर हो गई। जिसके बाद बाइक सवार ऑटो चालक के बीच मारपीट हो गई। इसी दौरान बाइक सवार ने अपने कुछ अन्य साथियों को बुला लिया और ऑटो चालक के साथ मारपीट कर दी। वहीं एक अन्य ऑटो चालक भी बीच-बिचाव में आ गया। इसी दौरान उसके साथ भी मारपीट की गई। उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



सेंट्रल नोएडा के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना बिसरख क्षेत्र के अंतर्गत मुकेश कुमार अपनी ऑटो से रोजा जलालपुर से जा रहा था। तभी पीछे से बाइक सवार रविकांत ने ऑटो में टक्कर मार दी। जिस पर मुकेश और रविकांत में झगड़ा शुरू हो गया। तभी पीछे से ऑटो चालक राजकुमार अपनी ऑटो में आ गया और बीचबचाव करने का प्रयास किया। इसी दौरान रविकांत ने अपने कुछ दोस्तों को भी बुला लिया और दोनों पक्षों के बीच झगड़ा होने लगा। इस दौरान जमकर मारपीट हुई और राजकुमार की तबीयत खराब हो गई। जिसके बाद उसको अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतक के शरीर पर कोई जाहिरा चोट के निशान नहीं है। इस बारे में मुकेश की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है और आरोपी रविकांत को पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## बेलगाम बस : बिजलीघर की दीवार में टक्कर मारकर नाले में गिरी, बाइक सवार चपेट में आया

**नोएडा, करंट क्राइम।** नोएडा में थाना सेक्टर-20 क्षेत्र स्थित सेक्टर-16ए पार्किंग के सामने एक तेज रफ्तार बस ने अनियंत्रित होकर बिजलीघर की दीवार में टक्कर मार दी। इसके बाद बस नाले में गिर गई। इस दौरान बस की चपेट में आकर एक बाइक सवार घायल हो गया। घटना के बाद वहां हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक सवार को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के समय बस में ड्राइवर और कंडक्टर बैठे थे।



जानकारी के मुताबिक मंगलवार शाम सेक्टर-16ए पार्किंग के सामने एक अनियंत्रित बस बिजली घर की दीवार में टक्कर मारते हुए नाले में जा गिरी। इस दौरान वहां से गुजर रहे एक बाइक सवार इसकी चपेट में आ गया। इस घटना में बाइक सवार 40 वर्षीय शंभू पुत्र राम प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक सवार को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। शंभू मूल रूप से बिहार के समस्तीपुर का रहने वाला है। शंभू की हालत फिलहाल स्थिर है। बस के बिजलीघर में घुसने से वहां लगे उपकरणों को काफी नुकसान हुआ है। इसके बाद क्रेन बुलाकर बस को नाले से निकाला गया है। घटना में बस और कंडक्टर के भी घायल की सूचना मिली है। फिलहाल उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## न्यूज डायरी

### कढ़ाई का खौलता तेल गिरने से दो महिलाए झुलसी

**लोनी (करंट क्राइम)।** अमित विहार कॉलोनी के साप्ताहिक बाजार में ट्रैक्टर ट्रॉली पीछे हटाते समय महिला भटूरे बना रहे दुकानदार की कढाई से टकरा गई। जिसका खौलता तेल गिरने से दो महिलाएं झुलस गईं। दोनों को उपचार के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। लोनी वार्डर थाने की अमित विहार कॉलोनी में साप्ताहिक बाजार लगता है। जिसमें कॉलोनी की लक्ष्मी देवी 52 तथा खुशी बाटिका कॉलोनी निवासी आशा देवी 40 खरीदारी करने पहुंची थीं। इसी दौरान एक ट्रेक्टर ट्रॉली कुछ सामान लेकर बाजार में आया था। सामान उतारने के बाद ट्रेक्टर ट्रॉली पीछे हट रहा था। ट्रॉली अचानक पीछे भटूरे बना रहे दुकानदार की कढाई से टकरा गई जिससे कढाई का खौलता तेल उक्त महिलाओं के ऊपर गिर गया। और वह बुरी तरह झुलस गईं। दोनों महिलाओं को उपचार के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां से एक महिला को छुट्टी मिल गई जबकि आशा देवी की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### विभिन्न मामलों में चार आरोपी गिरफ्तार

**लोनी (करंट क्राइम)।** पुलिस ने वाहन चोर मुराद कुरैशी तथा साहिल को एक चोरी के आटो रिक्शा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जबकि हत्या के मामले में वांछित चल रहे मन्नू उर्फ विनय कसाना को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मारपीट के मामले में वांछित चल रहे प्रशांत को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# हापुड़ में राशन के साथ मिलेंगी 35 चीजें

## डीएसओं बोलीं- बिना राशन कार्ड धारक की सहमति के दिया सामान तो होगी कार्रवाई

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ में उचित पर राशन दुकानों पर अब इस्तेमाल करने वाली जरूरी चीजें मिलेंगी। राशन कोटेदार की आय बढ़ाने के लिए करीब 35 वस्तुओं की बिक्री को लेकर खाद्य पूर्ति विभाग ने आदेश जारी किए हैं। हालांक, कोटेदार किसी भी राशन धारक को जबरदस्ती यह सामान नहीं बेच सकेंगे। अब तक कोटेदारों की दुकानों पर केवल निशुल्क दिया जाने वाला राशन दिया जाता है, इसमें गेहूं, चावल, दाल, आटा, चीनी, खाद्य तेल, मिट्टी तेल, मोटा अनाज, नमक के अतिरिक्त अन्य वस्तुओं की बिक्री भी होगी। उचित दर पर दुकानों से विक्रय सिर्फ उन्हीं कार्डधारकों से किया जाएगा, जो खरीदने के लिए इच्छुक होंगे। किसी भी कार्डधारक या लाभार्थी को यह सामान खरीदने के लिए विवश नहीं किया जा सकता है। मामले में जिला पूर्ति अधिकारी डॉ. सीमा बालियान ने बताया कि शासन के आदेश का जिले में पालन कराया जा रहा है। जबरदस्ती सामान बेचने पर संबंधित के विरुद्ध शिकायत पर कार्रवाई करेंगे।



### इन चीजों की होगी बिक्री

दूध और दूध से बने उत्पाद (पैक्ड), बिस्किट, ब्रेड, गुड, घी, नमकीन, सूखे मेवे (पैक्ड), मिठाई (पैक्ड), मसाले, दूध पाउडर, बच्चों के कपड़े होजरी, राजमा, सोयाबीन, सौंदर्य प्रसाधन सामग्री, क्रीम, धूपवती, कंघी, दर्पण, झाड़ू, पोंछा, छाता, रेनकोट, वाल हैंगर, ताला, टूथब्रश, डिर्टजेंट पाउडर, मच्छररोधी अगरबत्ती, बर्तन धोने वाले, इलेक्ट्रिक समान, टॉर्च, दीवार घड़ी, माचिस, जूट रस्सी, प्लास्टिक पानी पाइप, प्लास्टिक बाल्टी बेच सकेंगे। इसके अलावा हैंडवॉश, शेविंग किट, बाथरूम क्लीनर और बेबी केयर उत्पाद आदि की बिक्री कर सकते हैं।

# नोएडा में नए सिरे से बनेगी नमो भारत की डीपीआर, केंद्र सरकार ने लगाई आपत्ति

### अधिक से अधिक पब्लिक को मिले फायदा

**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गाजियाबाद तक नमो भारत ट्रेन चलाने की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) अब नए सिरे से बनेगी। केंद्र सरकार ने मौजूदा डीपीआर को आपत्तियों के साथ लौटा दिया है। साथ ही रूट और निर्धारित स्टेशनों पर फिर से विचार करने की सलाह देने के साथ कुछ सुझाव भी मांगे हैं। शैलेंद्र भाटिया ओएसडी यमुना प्राधिकरण ने बताया कि अब राज्य सरकार ने इन आपत्तियों के निपटारे की जिम्मेदारी एनसीआर प्लानिंग बोर्ड को सौंपी है। जल्द ही संशोधित डीपीआर तैयार होगी। प्रदेश सरकार ने गाजियाबाद के सिद्धार्थनगर से एयरपोर्ट तक 72.4 किलोमीटर लंबे ट्रैक पर 22 स्टेशन की डीपीआर को मंजूरी देते हुए केंद्र को भेजा था। केंद्र सरकार ने परियोजना की डीपीआर को इनकार कर दिया। परियोजना में कई आपत्तियां दर्ज कराते हुए संशोधन के लिए वापस लौटाया है। केंद्र सरकार ने 20 हजार करोड़ रुपए की परियोजना से ज्यादा से ज्यादा आबादी को लाभ पहुंचाने के लिए संशोधन करने के लिए कहा है।



### हाईस्पीड और धीमी गति की ट्रेन चलाने पर भी आपत्ति

केंद्र ने परियोजना की डीपीआर में एक ही ट्रैक पर हाई स्पीड ट्रेन और धीमी गति की ट्रेन दौड़ाने के प्रस्ताव पर भी आपत्ति लगाई है। दरअसल इस ट्रैक पर नमो भारत, मेट्रो और एलआरटी तीनो चलनी थी। नॉलेज पार्क में मेट्रो और नमो भारत ट्रेन लिंक करेगी। सेक्टर-51 से नॉजेल पार्क-5 तक प्रस्तावित एक्वा लाइन को नमो भारत ट्रेन से लिंक कराने की योजना है। इस कनेक्टिविटी को ध्यान में रखते हुए एनसीआर प्लानिंग बोर्ड आपत्तियां का निस्तारण करेगा।

### मोनो रेल पर विचार

फिल्म सिटी से एयरपोर्ट तक 14.6 किलोमीटर के रूट पर मोनो रेल चलाने का भी विचार है। दो महीने में इसकी डीपीआर तैयार होने की बात सामने आई है। प्रस्ताव को राज्य सरकार की मंजूरी के बाद केंद्र सरकार के पास भेजा जाएगा।